अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 06 | लखनऊ, गुरुवार, 17 जुलाई 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचें भारतीय : भारतीय दूतावास

नई दिल्ली। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है। दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,ल्ल पिछले कई हफ़्तों के सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की अनावश्यक यात्रा करने से पहले मौजूदा स्थिति पर ध्यानपूर्वक विचार करें। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक ताजा क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर नज़र रखें और भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी परामर्शों का पालन करें। ईरान में रहने वाले और स्वदेश वापस लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों के लिए दूतावास ने कहा है कि उनके पास यह विकल्प है। दूतावास ने कहा,ल्ल जो भारतीय नागरिक पहले से ही ईरान में हैं और वहाँ से जाने के इच्छुक हैं,वे अभी उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ान और नौका सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### सहारनपुर हिंसा मामले में चंद्रशेखर रावण के याचिका की सुनवाई 25 को

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को नगीना के सांसद चंद्रशेखर रावण के मामले में सुनवाई की। इस दौरान उनके वकील ने याचिका की प्रार्थना में संशोधन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा। इस पर कोर्ट ने समय देते हुए अगली तारीख 25 जुलाई नियत कर दी। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ में याचिका पर सुनवाई चल रही है। सहारनपुर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में 2017 में चंद्रशेखर पर बिना अनुमति सभा करने, हिंसा भड़काने व आगजनी आदि आरोपों में एफआईआर दर्ज किया गया था। चंद्रशेखर ने 10 मार्च 2025 को सहारनपुर की एसीजेएम कोर्ट में डिस्चार्ज प्रार्थना पत्र दाखिल किया था, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई और संपूर्ण कार्यवाही रद्द करने की मांग की गई।

### पाकिस्तानी के लिए जासूसी करता सेना का जवान जम्मू से गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में भारतीय सेना के एक जवान को जम्मू-कश्मीर के जिला बारामूला के उरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन को पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल की तरफ से अंजाम दिया गया है। आरोपित की पहचान देविंदर सिंह, निवासी गांव निहालगढ़, शादीहारी, जिला संगरूर के रूप में हुई है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि यह गिरफ्तारी पहले काबू किए गए पूर्व फौजी गुरप्रीत सिंह उर्फ फौजी से पूछताछ के आधार पर की गई।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंज़ूरी

**कम उत्पादन वाले 100 जिलों में होगी लागू, सालाना 24,000 करोड़ रुपये का परिव्यय**

- 100 ज़िलों में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में विकास को तेज़ गति मिलेगी

एजेंसी

नई दिल्ली। मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश के एक सौ चुनिंदा जिलों में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए छह साल की 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को मंज़ूरी दी जिस पर सालाना 24000 करोड़ रुपये खर्ज किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरें-मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के इस निर्णय के जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा,ल्लयह योजना चालू वित्त वर्ष से ही शुरू की जा रही है और यह छह वर्ष तक चलायी जाएगी।ङ्क उन्होंने कहा कि इस



योजना में उन जिलों को शामिल किया जा रहा जहां कृषि उपज कम है और खेती पिछड़ी है और जो ऋण वितरण के मामले में औसत ने नीचे हैं।

श्री वैष्णव ने कहा कि योजना हर राज्य में कम से कम एक जिले के साथ शुरू की जाएगी और इससे कुल मिलाकर एक करोड़ 70 लाख किसानों को लाभ होने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के बजट में इस योजना के प्रस्ताव की घोषणा की था।

सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, नीति आयोग के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम से प्रेरित है और अपनी तरह की पहली योजना है जो विशेष रूप से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि इस योजना में इस समय 11 मंत्रालयों द्वारा चलायी जा रही 36 योजनाओं को जोड़ा जा रहा है जिन पर प्रति वर्ष 24,000 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा।उन्होंने कहा कि बजट के प्रस्तावों के अनुसार इस योजना को राज्य सरकारों के निकट सहयोग से लागू किया जाएगा और इसमें निजी क्षेत्र को भी भागीदार बनाया जाएगा।

मंत्री ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य से कम से कम एक जिले का चयन किया जाएगा।

### एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में 20,000 करोड़ तक निवेश को मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी को 2032 तक 60 गीगावाट क्षमता हासिल करने के लिए नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता विस्तार हेतु 20,000 करोड़ रुपये तक निवेश की अनुमति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

# उदयपुर फाइल्स' के प्रदर्शन पर लगी रोक हटाने से सुप्रीम कोर्ट का फिलहाल इनकार

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल तेली की हत्या पर बनी हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' पर लगी अदालती रोक हटाने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के अंतरिम रोक संबंधी आदेश में फिलहाल हस्तक्षेप से इनकार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार निर्देशानुसार (दिल्ली उच्च न्यायालय के) फिल्म की जांच कर सकती है और तब तक ये मामला संबंधित याचिकाओं पर कोई सुनवाई के लिए लंबित रहेगा। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम मामले को लंबित रखेंगे। हम उच्च न्यायालय के समक्ष भारत सरकार के दृष्टिकोण का लाभ उठा सकते हैं। मान लीजिए केंद्र कुछ गलत नहीं कहती है तो हम उसे देखेंगे।



अगर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड फिल्म में कुछ कटौती करता है तो भी हम उसका अध्ययन कर सकते हैं। अगर केंद्र इस मामले को नहीं ले रहा है, तो अलग बात है। हमें बताया गया है कि समिति गठित कर दी गई है और केंद्र इस पर विचार कर रहा है... हम एक-दो दिन इंतजार कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि फिल्म से संबंधित आपत्तियों पर कोई निर्णय लेने के लिए गठित समिति को इस मुद्दे पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख मुकर्रर करते हुए कहा, ल्लहमें उम्मीद है कि समिति बिना समय गंवाएं पुनरीक्षण याचिका पर तुरंत निर्णय लेगी।

# सीएम योगी के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने की कार्रवाई

- तत्कालीन अधिशासी अधिकारी विजयेन्द्र कुमार आनन्द को हटाया, शासन स्तरीय जांच के आदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने नगर निकायों में सुशासन, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए एक और सख्त कदम उठाया है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने तत्कालीन नगर निगम वाराणसी नगर पालिका परिषद, विजयनगर सम्पूर्णानन्द उप नगर आयुक्त विजयेन्द्र कुमार आनन्द के विरुद्ध गंभीर अनियमितताओं के आरोपों को ध्यान में रखते हुए उनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। विजयेन्द्र आनन्द पर वर्ष 2018-19 के दौरान वाराणसी स्थित नगर निगम के अंतर्गत लगभग 30 लाख रुपये के वित्तीय प्रकरण में अनियमित तरीके से भुगतान कराने का आरोप है। यह भुगतान उस आदेश संख्या 4350/2018 के विरुद्ध किया गया, जिसके अनुसार 50000 रुपये से अधिक की धनराशि भुगतान के लिए शासन की स्वीकृति अनिवार्य थी। प्रकरण में प्रथम दृष्टया नियम विरुद्ध कार्यवाही पाए जाने पर नगर विकास विभाग ने उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक जांच की संस्तुति की है। इस संबंध में अपर आयुक्त (प्रशासन), मुरादाबाद मण्डल को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# चीन सीमा पर भारत ने स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस सिस्टम का परीक्षण करके दिखाई ताकत

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी विमानों और तुर्किये ड्रोनों के हवाई हमलों को किया था बेअसर

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी विमानों और तुर्किये के ड्रोनों के हवाई हमलों को बेअसर करने वाले स्वदेश निर्मित आकाश एयर डिफेंस सिस्टम का बुधवार को भारतीय सेना ने लद्दाख सेक्टर में 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर परीक्षण किया। भारतीय वायु सेना ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दुश्मनों के विमानों को चंद मिनटों में मार गिराने में सक्षम मिसाइलें दागीं। परीक्षण के वक्त इस बात का ध्यान रखा गया कि किसी भी सूरत में अगर दुश्मन के विमान भारतीय वायु सीमा का उल्लंघन करें, तो उन्हें हर परिस्थिति में मार गिराया जाए।

डीआरडीओ निर्मित यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों का 30 किलोमीटर पहले ही पता लगाकर उसे



नीचे ला सकती है। आकाश मीडियम रेंज की हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसे डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन, भारत डायनामिक्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने तैयार किया है। चीन के साथ तनाव की शुरुआत के समय से ही पूर्वी लद्दाख सीमा पर भारत ने स्वदेश निर्मित आकाश एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर रखा है। भारत की स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली 4.5 किमी से 25 किमी की दूरी तय करती है। ये 100 मीटर से 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक हवाई खतरों से निपट सकती है। यह एक कमांड गाइडेंस सिस्टम का उपयोग करता है। यह सिस्टम हेलीकॉप्टरों, लड़ाकू विमानों और मानव रहित हवाई वाहनों को निशाना बना सकता है। डीआरडीओ के मुताबिक इसमें लड़ाकू जेट विमानों, क्रूज मिसाइलों और हवा से सतह वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है। यह भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना के साथ परिचालन सेवा में है।आर्मी एयर डिफेंस ने आज डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर लद्दाख सेक्टर में 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर परीक्षण किया। इस दौरान सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों ने अत्यंत ऊंचाई वाले क्षेत्र में अत्यंत तेज गति से चलने वाले लक्ष्य विमानों पर दो सीधे प्रहार किए। लांच प्लेटफार्म को दोनों पहियों और ट्रैक वाहनों के साथ एकीकृत किया गया है जबकि आकाश सिस्टम को मुख्य रूप से एक हवाई रक्षा (सतह से हवा) के रूप में बनाया गया है। इसे मिसाइल रक्षा भूमिका में भी टेस्ट किया गया है। आकाश प्राइम प्रणाली भारतीय सेना में आकाश वायु रक्षा प्रणालियों की तीसरी और चौथी रेजिमेंट का गठन करेगी। इस प्रणाली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी विमानों और तुर्की ड्रोनों का उपयोग करके पाकिस्तानी सेना के हवाई हमलों को विफल करने में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। आकाश प्रक्षेपास्त्र की एक बैटरी में तीन-तीन मिसाइलों के साथ चार लांचर हैं, जो एक दूसरे से जुड़े हैं।

# भारत को स्वदेशी ड्रोन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए : सीडीएस

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने 10 मई को ड्रोन और लोटर हथियारों का इस्तेमाल किया

एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारतीय सेनाओं को मिले सबक के आधार पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने उभरते हवाई खतरों के विरुद्ध भारत की रक्षा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।सीडीएस ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान



ने 10 मई को निहत्थे ड्रोन और लोटर हथियारों का इस्तेमाल किया, लेकिन उनमें से कोई भी वास्तव में भारतीय सैन्य या नागरिक बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका।

राजधानी के मानेकशा सेंटर में एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने बुधवार को थिंक-टैंक सेंटर फॉर जॉइंट वारफ़ेयर स्टडीज के सहयोग से 'यूएवी और सी-यूएएस के क्षेत्र में विदेशी ओईएम से वर्तमान में आयात किए जा रहे महत्वपूर्ण घटकों का स्वदेशीकरण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। उद्घाटन सत्र के अपने मुख्य भाषण में सीडीएस ने कहा कि ड्रोन वास्तविकता का प्रमाण हैं और हाल के संघर्षों में उनकी व्यापक उपयोगिता दर्शाती है कि कैसे ड्रोन अपने आकार या कीमत के अनुपात में सामरिक संतुलन को असमान रूप से बदल सकते हैं।? सीडीएस ने जोर देकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया है कि हमारे भूभाग और हमारी ज़रूरतों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित यूएएस, सी-यूएएस क्यों महत्वपूर्ण हैं। सीडीएस चौहान ने कहा कि कार्यशाला के दौरान स्वदेशी ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि विदेशी तकनीक पर निर्भरता राष्ट्रीय तैयारियों को कमजोर करने के साथ ही उत्पादन को सीमित करती है, क्योंकि चौबीसों घंटे उपलब्धता के लिए महत्वपूर्ण पुर्जों की कमी होती है।

# सीएम योगी के प्रयासों से यूपी में 3363 किमी. नदियों का हुआ कायाकल्प

- एक हजार ग्यारह 'गंगा ग्राम पंचायतों' समेत प्रदेश की 50 छोटी नदियों का किया गया पुनरुद्धार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण की योजनाएं अब जमीन पर असर दिखा रही हैं। नमामि गंगे कार्यक्रम और मनरेगा के तहत किए जा रहे प्रयासों से राज्य की सूखी व विलुप्तप्राय नदियों में फिर से जीवन लौटने लगा है। अब तक 3363 किलोमीटर लंबाई में कुल 50 नदियों का कायाकल्प किया जा चुका है, जिससे गांवों को नई ऊर्ज़ा और किसानों को सिंचाई का बेहतर साधन मिल रहा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार ने जल संरक्षण को लेकर विशेष पहल करते हुए 1011 गंगा ग्राम पंचायतों में छोटी नदियों व जलधाराओं का पुनरुद्धार कराया है। इन जलस्रोतों को न केवल साफ-सुथरा किया गया, बल्कि उनकी प्राकृतिक धारा को भी पुनर्जीवित किया गया। इससे इन क्षेत्रों में जल स्तर में सुधार हुआ है और आसपास के किसानों को बड़ी राहत मिली है। मनरेगा के तहत 86 अन्य कार्यों को चिह्नित कर नदियों की साफ-सफाई, गहरीकरण, तटबंध निर्माण, पौधरोपण, जलधारा पुनर्स्थापन और जलग्रहण क्षेत्र विकास जैसे कार्य किए गए। जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण को संतुलित करने के लिए 894 स्थलों पर सघन पौधरोपण किया गया। इन पौधों को नदियों के किनारों पर लगाया गया जिससे तटबंध मजबूत हों और मिट्टी का कटाव न हो। यह कदम आने वाले वर्षों में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ जैव विविधता को भी प्रोत्साहित करेगा। प्रदेश में 3388 तालाबों का निर्माण और सुदृढ़ीकरण कर ग्रामीण क्षेत्रों में जल भंडारण की क्षमता को बढ़ाया गया है।

# भारत-नेपाल सीमा पर जाली परमिट से बस संचालन पर योगी सरकार सख्त

- कड़ी जांच शुरू, परिवहन विभाग द्वारा तीन जिलों में कराई जाएगी एफआईआर
- परिवहन आयुक्त ने डीजीपी को भी लिखा पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारत नेपाल सीमा पर कुछ निजी बसों द्वारा कूटरचित (जाली) परमिट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर अवैध रूप से संचालन पर योगी सरकार ने सख्ती दिखाई है। इन गंभीर मामलों को संज्ञान में लेते हुए परिवहन आयुक्त ने त्वरित कड़े कदम उठाए हैं। एफआरआरओ लखनऊ तथा एसएसबी ने सूचित किया कि कई बसों द्वारा नेपाल सीमा पर ऐसे परमिट प्रस्तुत किए गए हैं, जो सतही रूप से संभागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी प्रतीत हो रहे थे, किंतु जांच में यह पूर्णतः जाली या वैधानिक अधिकार क्षेत्र से परे पाए गए। इस पर सख्त योगी सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार किया।परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि अब तक तीन जनपदों (अलीगढ़, बागपत व महराजगंज) में स्पष्ट रूप से जाली परमिट की पुष्टि हो चुकी है। यहां संबंधित एआरटीओ ने प्रमाणित किया कि ऐसा कोई परमिट कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराने के साथ दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई को कहा गया। इसके अतिरिक्त गोरखपुर, इटावा एवं औरैया जैसे जनपदों में भी ऐसे परमिट प्रस्तुत किए गए हैं, जो प्रथम दृष्टया भारतझ्नेपाल यात्री परिवहन समझौता, 2014 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं। गोरखपुर प्रकरण में विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवहन आयुक्त ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को पत्र भेजा है, जिसमें तीन जिलों में दर्ज प्रकरणों की एसटीएफ से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है।

# धर्मांतरण मामला: छांगुर और नसरीन का कराया गया मेडिकल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अवैध धर्मांतरण मामले में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को आज एटीएस कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को एटीएस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया। इस दौरान छांगुर ने पत्रकारों से कहा कि वो निर्दोष है।

अवैध धर्मांतरण के मुख्य आरोपित छांगुर और नसरीन को उत्तर प्रदेश एटीएस की टीम मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। दोनों को बुधवार को एटीएस की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। आज इनकी रिमांड खत्म हो गई है। रिमांड में पूछताछ के दौरान दोनों से



एटीएस को अवैध धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग को लेकर कई अहम जानकारियां मिली हैं। एटीएस आरोपितों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड बढ़ाने की मांग करेगी। ईडी भी दोनों से विदेशी फंडिंग को लेकर पूछताछ करेगी। कोर्ट में पेशी से पहले दोनों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया गया है। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मेडिकल के दौरान जब पत्रकारों ने छांगुर से अवैध धर्मांतरण के बारे में पूछा तो उसने कहा कि वह निर्दोष है।

### छांगुर बाबा के गुर्गों ने गवाह को धमकाया, तीन पर एफआईआर

बलरामपुर। अवैध धर्मांतरण मामले के मास्टर माइंड छांगुर बाबा के गुर्गों ने पूर्वमुंशी पर जानलेवा हमला किया है। पूर्व मुंशी कभी झांगुर के लिए काम करता था। अब एटीएस ने उसे मुख्य गवाह बनाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बुधवार को बताया कि बाबा झांगुर के पूर्व मुंशी हरजीत कश्यप ग्राम रसूलाबाद का रहने वाला है। उसने तीन जुलाई को लखनऊ में विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से मीडिया को बयान दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि मधपुर गांव निवासी जलालुद्दीन शाह उर्फ छांगुर ने कई हिन्दू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन कराया है। उनका मानसिक उत्पीड़न भी किया गया। हरजीत का कहना है कि इस बयान के बाद पुलिस ने झांगुर और उनके गुर्गों पर लगाकर कार्रवाई कर रही है। इससे वह संतुष्ट है। उन्होंने आरोप लगाया है कि लखनऊ में जब से झांगुर के खिलाफ बयान दिया उसके बाद से उन्हें धमकिया मिल रही है। इतना ही नहीं सात जुलाई को जब वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैण्डास बुजुर्ग में दवा लेने जा रहे थे, तभी उतरौला चौराहा डुमरियागंज रोड पर रियाज, नव्वाब, और कमालुद्दीन ने उन्हें मारपीट की।

# कौशल विकास से सशक्त हो रहे यूपी के युवा, समृद्ध हो रहा प्रदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व में कौशल विकास एक जनआंदोलन बन चुका है। बीते आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रदेश के लाखों युवाओं की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। इस दौरान 14 लाख से अधिक युवक एवं युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनमें से 5.65 लाख से अधिक युवा रोजगार व स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बने हैं। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास मिशन न केवल युवाओं को प्रशिक्षित करने, बल्कि उन्हें रोजगार से जोड़ने के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। यह पहल उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है और 'नया भारत, नया उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना को साकार कर रही है। प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के युवाओं को उनके रुचि एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार अल्पकालीन प्रशिक्षण देने के लिए मिशन ने 1000 से अधिक ट्रेनिंग पाटनर्स को जोड़ा है। इनके माध्यम से 350 से अधिक कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जो उद्योगों की मांग के अनुसार डिजाइन किए गए हैं। इससे न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ी है, बल्कि युवाओं का औद्योगिक दुनिया से सीधा जुड़ाव भी हुआ है। युवाओं को रोजगार दिलाने में उद्योगों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए कौशल विकास मिशन ने फ्लेक्सी ट्रेनिंग पार्टनर्स योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत अब तक 33 औद्योगिक इकाइयों को अनुबंधित किया गया है। मिशन का लक्ष्य है कि प्रत्येक जनपद से 5 नई इकाइयों को जोड़कर उद्योगों की संख्या को और बढ़ाया जाए। हाल ही में इस दिशा में 11 नई इकाइयों के साथ अनुबंध किए गए हैं। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना एक मील का पत्थर साबित हुई है। इस योजना के अंतर्गत आवासीय मोड में मुफ्त कौशल प्रशिक्षण और सुनिश्चित सेवायोजन की सुविधा दी जाती है। बीते आठ वर्षों में करीब 1.80 लाख ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण और उनमें से 1.30 लाख को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। कौशल विकास मिशन की एक और बड़ी पहल है रोजगार मेले, जो प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचे हैं। अब तक 1736 रोजगार मेलों के माध्यम से 4.13 लाख से अधिक युवाओं को 2537 कंपनियों में नियुक्ति पत्र दिलवाए गए हैं। ये मेले केवल नौकरी का माध्यम नहीं हैं, बल्कि युवाओं को आत्मविश्वास और अवसर का मंच भी प्रदान करते हैं।

# यूपी में एकलव्य वन से शुरू होगी विशिष्ट वनों की स्थापना

- वन प्रभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी
- सीएम योगी के निर्देश पर उत्सव के रूप में होगा आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में एक दिन (9 जुलाई) 37,21,40,925 से अधिक पौधे रोपने वाले यूपी में अब विशिष्ट वनों की स्थापना होगी। राज्य स्तरीय आयोजनों को लेकर वन विभाग ने फाइनल तिथि भी जारी कर दी है। यह कार्यक्रम पूरे वर्षा काल के दौरान चलेगा। अलग-अलग प्रभागों को राज्य स्तर पर मुख्य आयोजन कर अलग-अलग वन स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 18 जुलाई को मीरजापुर से एकलव्य वन की स्थापना के साथ ही विशिष्ट वनों की श्रृंखला का आगाज होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य स्तरीय सभी आयोजनों को उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के तहत यह आयोजन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उक्त वनों की स्थापना सभी वन प्रभागों में होगी, लेकिन कई कार्यक्रम राज्य स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इनकी जिम्मेदारी संबंधित प्रभागों को सौंप दी गई है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संबंधित क्षेत्र के जोनल/मंडलीय मुख्य वन संरक्षक होंगे। हर वर्ष की भांति योगी सरकार का इस वर्ष भी विशिष्ट वाटिका स्थापित करने पर जोर है। 2025 के वर्षा काल में भी विशिष्ट पौधरोपण की स्थापना व संरक्षण को लेकर वन विभाग मुस्तैद है। योगी सरकार ने इस वर्ष शक्ति वन, एकलव्य वन, ऑक्सी वन, त्रिवेणी वन, अटल वन, गोपाल वन, एकता वन, पवित्र धारा पौधरोपण, भाई-बहन पौधरोपण, शौर्य वन, एक पेड़ गुरु के नाम पौधरोपण के साथ ही अन्य क्रिया-कलापों (सहजन भंडारा, औद्योगिक इकाइयों की भागीदारी से रोपण) पर भी जोर दिया है।

# सीएम मोहन यादव के ससुर के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर और विद्या भारती महाकौशल प्रान्त के पूर्व प्रांत संगठन मंत्री ब्रह्मानंद यादव के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। ब्रह्मानंद यादव सुलतानपुर जिले के मूल निवासी थे। पिछले कुछ समय से वह बीमार चल रहे थे। 15 फरवरी की शाम को उनका निधन हो गया। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि ब्रह्मानंद यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर ज्ञान, सेवा और संस्कार का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका त्यागमय जीवन, कर्मनिष्ठा और समाज के प्रति समर्पण भाव सदैव प्रेरणा देता रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकसंतप्त परिजनों को संबल प्रदान करें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भी ब्रह्मानन्द यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि डॉ. मोहन यादव के ससुर व विद्या भारती महाकौशल प्रान्त के पूर्व प्रांत संगठन मंत्री ब्रह्मानंद यादव का निधन अत्यंत दुःखद है। मेरी विनम्र संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को विपदा की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करें।

## आजाद अधिकार सेना ने राहुल की सुरक्षा में चूक को लेकर शाह को लिखा पत्र

लखनऊ। आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र भेज कर लखनऊ में पेशी के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक की घटना में उत्तरदायित्व निर्धारण की मांग की है। कल सुरक्षा बलों की घोर लापरवाही के कारण लखनऊ के एक कोर्ट में राहुल गांधी की सुरक्षा को भारी खतरे के साथ कोर्ट की मर्यादा छिन्न भिन्न होने के संबंध में उत्तरदायित्व आत्मदाह मामले पर यूजीसी ने गठित की चार सदस्यीय जांच समिति उन्होंने पत्र की प्रति मुख्य न्यायाधीश और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी देश के प्रमुख सुरक्षा प्रदत्त लोगों में है लेकिन मंगलवार को एमपीएमएलए लखनऊ कोर्ट में उनकी पेशी के दौरान सुरक्षा बलों ने घोर लापरवाही की। इस कारण कोर्ट में सैकड़ो लोग घुस आए। इससे राहुल गांधी की सुरक्षा पूरी तरह से खतरे में पड़ी। साथ ही कोर्ट की मर्यादा भी छिन्न भिन्न हुई।

# पति को फंसाने के लिए पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर ली थी बेटी की जान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। कैसरबाग कोतवाली इलाके में सोमवार को हुई पांच साल की मासूम बच्ची की हत्या का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। हत्यारे बच्ची की मां और उसका प्रेमी निकले। संपत्ति हड़पने और पति को फंसाने के लिए पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर बच्ची की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी महिला और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि बच्ची की हत्या मामले में पुलिस को छानबीन में पता चला कि खंदारी में रहने वाली रोशनी खान का पति शाहरूख खान से पिछले दो सालों से विवाद चल रहा था। महिला रोशनी अप्रैल माह में ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाकर वह जेल भिजवा चुकी है। मई माह में पति शाहरूख को भी मारपीट कर भगा दिया था। वह अमीनाबाद में किराये पर रहने लगा, जबकि पत्नी रोशनी, बेटी सायनारा उर्फ सोना (5) के साथ पति के मकान में ही रह रही थी। इसी बीच उसकी दोस्ती उदित जायसवाल से हो गई और उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी। बेटी अपने पिता शाहरूख के साथ रहना चाहती थी। वहीं, रोशनी शाहरूख को जेल भेजकर उसकी संपत्ति हड़पना चाहती थी। इसलिए उसने ससुरालियों को भी जेल भिजवाया था। 13 जुलाई की रात जब शाहरूख बेटी से मिलने पहुंचा तो रोशनी उससे लड़ने लगी, इस कारण वह वापस चला आया। इसी का फायदा उठाकर रोशनी ने प्रेमी के साथ मिलकर बेटी को मारा डाला। मां ने बेटी के पेट पर पैर रखा और प्रेमी उदित ने उसका मुहं दबाया, जिससे बच्ची की मौत हो गई। दोनों ने बच्ची की हत्या से पूर्व पीटा था। हत्या के बाद रोशनी प्रेमी के साथ शव घर में छोड़कर निकल गए और पार्टी कर शराब पी। देर रात वापस घर लौट कर उसने पुलिस को सूचना दी कि उसके पति शाहरूख ने बेटी को मार डाला। सूचना पाकर कैसरबाग कोतवाल अंजनी कुमार मिश्रा फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने रोशनी और उसके प्रेमी को थाने लाई और पूछताछ की। वहीं पत्नी की शिकायत पर पति शाहरूख के खिलाफ मामला दर्ज कर उससे भी पूछताछ की गई।पति ने आरोप लगाया कि पत्नी ने ही बेटी को मारा है, जबकि रोशनी ने पति पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। दोनों के आरोप-प्रत्यारोप को गंभीरता से लेकर पुलिस ने जांच शुरू की। तमाम साक्ष्य और पूछताछ के बाद प्रेमी उदित टूट गया और उसने रोशनी के साथ मिलकर बच्ची की हत्या कबूल कर ली। पोस्टमार्ट रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने हत्यारी मां और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पीएचडी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिये पौधा लगाना अनिवार्य, कुलपति ने शुरू किया पर्यावरण को लेकर अभिनव प्रयोग

**लखनऊ।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में शोध छात्रों के लिए एक पौधा रोपण और शोध कार्य के दौरान पौधों की देखभाल अनिवार्य कर दिया गया है। कुलपति के आदेश के बाद पीएचडी में चल रहे नामांकन में छात्रों को पौधा लगाना और उसकी देखभाल अनिवार्य है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के निर्देशन में आयोजित इस पहल के अंतर्गत हर शोधार्थी को एक पौधा लगाना होगा और अपने शोधकाल के दौरान उसकी देखरेख की जिम्मेदारी निभानी होगी। यह पौधरोपण कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित शोध वाटिका में संपन्न हुआ। जिसका आयोजन बागवानी एवं सौंदर्यीकरण अनुभाग की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इसके अंतर्गत प्रॉक्टर प्रो. एम.पी. सिंह एवं बागवानी एवं सौंदर्यीकरण अनुभाग की अध्यक्ष प्रो. दीपा. एच. द्विवेदी उपस्थित रहीं।

## मर्दानी बनी रितिका, आधा किमी दौड़ाकर लुटेरे को दबोचा, छात्रा का फ़ोन छीनकर भागा था लुटेरा

लखनऊ। अहिमामऊ की बहादुर छात्रा रितिका मंगलवार को लुटेरे पर मर्दानी बनकर टूट पड़ी। छात्रा ने यह साबित कर दिया कि साहस उम्र नहीं देखता, बस इरादा मजबूत होना चाहिए। दोपहर करीब 12 बजे कोचिंग कर छात्रा घर जा रही थी। उतरेठिया शहीद पथ स्थित पी-5 शोरूम के सामने जैसे ही बस रुकी तो एक बदमाश ने खिड़की से हाथ डालकर मोबाइल छीनकर भागने लगा।एप्पल एप्लिकेशन रितिका ने उस पल जो किया, वह अन्य युवतियों के लिए मिसाल है। मोबाइल लूटे जाने प न ही वह डरी और न ही आंसू बहाए। बस से कूदी रितिका ने लुटेरे को दौड़ा लिया। यह देख बस में बैठे अन्य यात्री और छात्र भी मदद को आगे आ गए। करीब आधा किलोमीटर तक पीछा करने के बाद छात्रा ने लुटेरे को पकड़ लिया। गुत्थम-गुत्था के दौरान बदमाश ने छूटने के लिए रितिका पर हमला करने की कोशिश की। इसी दौरान सभी ने मिलकर उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे उतरेठिया यातायात बूथ लाया गया। वहां मौजूद टीएसआई ब्रह्मदेव सिंह ने 112 नंबर पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही पीजीआई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छीना गया मोबाइल छात्रा को लौटा दिया। वहां मौजूद लोगों ने रितिका की सूझबूझ, हिम्मत और सतर्कता की सराहना की। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया घटना की जानकारी थाने तक नहीं पहुंची है। न ही इस संबंध में कोई तहरीर दी गई है।

# नगर निगम की लापरवाही से युवक की मौत गुस्साए परिजनों ने शव रखकर सड़क जाम किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके में मंगलवार को नगर निगम की ओर से बीच सड़क पर रस्सी बांधकर पेड़ काटने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव गांव पहुंचा, तो परिजन और ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। गुस्साए लोगों ने शव को मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा पुल पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया। एसीपी और एसडीएम के समझाने पर करीब डेढ़ घंटे बाद शव को सड़क से हटाया। उसके बाद शव को घर ले गए। अब घर के बाहर शव को रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी नगर निगम कर्मियों पर मुकदमा और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने के लिए अड़े हैं। वृंदावन सेक्टर नौ मामा चौराहा के पास मंगलवार को नगर निगम की ओर से पेड़ों की कटाई-छंटाई चल रही थी। सड़क पर आवाजाही बंद करने के लिए सौ मीटर दूर एक रस्सी बांध दी थी। मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा निवासी 24 वर्षीय अनुज कश्यप बाइक से फ्लिपकार्ट की डिलीवरी करने जा रहे थे। रस्सी में फंसकर वो गिरकर घायल हो गए थे। उनकी मौत हो गई थी। मृतक अनुज के भाई सोनू कश्यप ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को दोपहर करीब डेढ़ बजे छोटा भाई अनुज डिलीवरी देने जा रहा था। पीजीआई थाना क्षेत्र में मामा चौराहा के पास नगर निगम की ओर से पेड़ों कटाई-छंटाई चल रही थी। करीब सौ मीटर पहले दो खंभों के सहारे सड़क पर रस्सी बांध दी थी। रस्सी के पास बैरिकेडिंग नहीं की थी, न ही सावधान करने संबंधी कोई सूचना दी थी। इसकी वजह से उनका भाई रस्सी की चपेट में आकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। भाई की मौत के जिम्मेदार रस्सी बांधने वाले नगर निगम के कर्मचारी हैं। उनकी शिकायत पर नगर निगम के अज्ञात कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

## यूपी विवाह योजना के लाभार्थियों को ऑन स्पाट मिलेंगे मैरिज सर्टिफिकेट वर-वधू, का होगा आधार वेरीफिकेशन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो पंजीकरण कर मैरेज सर्टिफिकेट दिये जायेंगे। समाज कल्याण विभाग की तरफ से यह कदम योजना में पारदर्शिता को बनाये रखने के लिए उठाया गया है। इससे पूर्व विभाग की तरफ से लाभार्थियों के लिए आधार पंजीकरण किया गया था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो या उनकी तरफ से नामित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। जिससे शादी को लीगल घोषित किया जा सके। उन्होंने बताया कि फर्जीवाड़े को रोकने के लिए आधार से भी पंजीकरण कराया जा रहा है। जिससे सही लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत कोई लक्ष्य नही रखा गया है क्योंकि इससे पारदर्शिता प्रभावित होने का अंदेशा रहता है। कुमार ने कहा कि यदि किसी गांव में पांच लाभार्थी जोड़े सामूहिक विवाह के लिए आवेदन करते हैं तो फिर उनका सत्यापन जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत बलिया के मनियर ब्लॉक में जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा मिला था। शादीशुदा लोगों की शादी करा दी गई थी।

# नौकरी से निकाले जाने से परेशान सफाईकर्मी ने एसिड पिया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में जलकल सुवेज इंडिया कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी ने बिना कारण के नौकरी से निकाले जाने से परेशान होकर एसिड पी लिया। गंभीर हालात में उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना से नाराज परिवारजनों ने कंपनी के खिलाफ महानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। वहीं, घटना के बाद से अन्य कर्मचारियों में काफी नाराजगी है। दिलीप वाल्मीकि करीब 7 साल से कंपनी में काम कर रहे थे। उन्हें बिना कारण बताए कंपनी ने 15 दिन पहले निकाल दिया। तभी से वो नौकरी में फिर से रखने के लिए कंपनी के अधिकारियों का चक्कर काट रहे थे। सुनवाई नहीं होने पर मंगलवार दोपहर 12 बजे महानगर पानी टंकी के पास एसिड पी लिया। पहले उन्हें महानगर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। देर रात ट्रॉमा सेंटर से भी प्राइवेट हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। उनकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। उत्तर प्रदेश जल कर विभाग समन्वय समिति के उप संयोजक संदीप अवस्थी ने बताया मुझे सुबह घटना की जानकारी हुई।

कर्मचारी अभी निजी अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सुवेज इंडिया कंपनी ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह काम कर रही है। कर्मचारी प्रताड़ित किए जा रहे हैं। कंपनी बिना बताए कारण बताए अक्सर कर्मचारियों को हटा देती है। जब से कंपनी आई है तब से सीवर का काम बदतर हालात में चला गया है। समस्त पार्षद दुखी हैं, जनता दुखी है। कंपनी अपनी हिटलर शाही के दम पर कर्मचारियों का दमन कर रही है। इम्पलाई यूनियन के महामंत्री रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कंपनी से प्रताड़ित होकर दिलीप ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। जब तक कर्मचारी का इलाज चल रहा है, तब तक उसके घरवालों को हर महीने का वेतन देना चाहिए। कर्मचारी स्वस्थ हो जाने के बाद नौकरी में वापस लेना चाहिए। पहले भी कई कर्मचारी ऐसा कर चुके हैं। कंपनी कर्मचारियों की आवाज को दबाने का काम कर रही है। कंपनी के दबाव में एफआईआर तक दर्ज नहीं होती है। कंपनी के लोगों से मिलकर कई बार विनती की गई अगर कर्मचारी से कोई गलती है तो उसको ट्रांसफर कर दीजिए ना कि उसकी नौकरी से निकाल कर उसके पेट पर लात मारिए। कर्मचारी शहर की सफाई का जिम्मा संभालते हैं। इनके कारण ही शहर स्वच्छ रहता है।

# स्कूलों के विलय पर सपा युवजन सभा का प्रदर्शन पुलिस से तीखी बहस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी युवजन सभा ने जोरदार प्रदर्शन किया। स्कूलों के मर्जर के खिलाफ सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। हजरतगंज चौराहे पर अचानक पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हाथ में पीडीए और अखिलेश यादव की तस्वीर लेकर कार्यकर्ता पहुंचे। यूपी में जंगल राज-चरम पर अपराध का नारा लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस से उनकी नोकझोंक हुई। पुलिस ने उन्हें टांगकर गाड़ी में डालकर ले गई। सपा कार्यकर्ताओं ने योगी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमकर हंगामा और विरोध किया। पुलिस और कार्यकर्ताओं में जमकर नोकझोंक हुई। विधानसभा की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं से बहस और झड़प हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त है। हत्या , लूट और बलात्कार जैसी घटनाएं प्रतिदिन सामने आ रही हैं। विलय के नाम पर सरकारी स्कूलों में ताला लगाने की तैयारी हो गई। प्रदर्शन कर रहे अविनाश तिवारी ने कहा इस सरकार ने एक भी नया स्कूल नहीं दिया, जो पहले की सरकारों ने बनाया उसे भी बंद कर रही है। मधुशाला कदम-कदम पर मिल रहे हैं मगर पाठशाला के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। स्कूल बना नहीं सकते तो स्कूलों को बंद तो न किया जाए। समाज को मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए। सरकार पेंशन बंद करने को भलाई बताती है। यह जानते हैं कि अगर इस देश के बच्चे पढ़ लिख गए तो रोजगार मांगेंगे और सरकार से सवाल करेंगे। प्रदर्शन में नारेबाजी कर रहे नागेंद्र यादव ने कहा कि आम जनता और छात्रों के विरोध में लिया गया कोई भी फैसला स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह सरकार गरीब और छात्र विरोधी है। प्रदेश में 27 हजार से अधिक स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। सरकार की विफलता है की स्कूलों में छात्रों की संख्या घट रही है जिसको आधार बनाया गया। सरकार को चाहिए कि स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाए सरकारी स्कूलों के भवनों को सुंदर और आकर्षित बनाएं। जरूरी मुद्दों पर काम करने के बजाय सरकार स्कूलों में ताला लगाने को उपलब्धि समझ रही है यह बेहद शर्मनाक है। प्रदर्शन कर रहे सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस ने इको गार्डन भेज दिया।

# मुख्यमंत्री से मिलकर गौसगंज को नगर पंचायत का दर्जा व मां शीतला देवी मंदिर को पर्यटन विभाग में शामिल कर सौंदर्यीकरण की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**कछौना ( हरदोई )।** गौसगंज क्षेत्र हेतु विकास की नई दिशा में सतत प्रयासरत सामाजिक कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंहए ग्राम प्रधान आयुष पटेल व डॉक्टर आनंद कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर गौसगंज को नगर पंचायत बनाने व पौराणिक मंदिर मां शीतला देवी को पर्यटन विभाग में शामिल कर उसकी कायाकल्प करने की मांग की। वह लगातार गौसगंज क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। ग्राम प्रधान की कमान संभालने के बाद गौसगंज के जन प्रतिनिधियों के सहयोग से विकास की नई इबारत लिखी। गांव की सड़कों, सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, पेयजल, ग्राम सचिवालय का सौंदर्य करण, पशुपालन विभाग के पशु केंद्र का नवीन भवन, स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प, हाई मास्ट लाइटें, डिजिटल लाइब्रेरी, वाटर कूलर आदि बुनियादी सुविधाओं का विकास कर गौसगंज को नई पहचान दी। गौसगंज ग्राम सभा की आबादी व आसपास के क्षेत्र के आम जनमानस की प्रमुख बाजार, बुनियादी सुविधाओं हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में कई इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज स्थापित होने, कानून व्यवस्था के लिए पुलिस चौकी की स्थापना के कारण गौसगंज को नगर पंचायत का गठन आवश्यक है। वहीं गौसगंज में पौराणिक मंदिर मां शीतला देवी मंदिर की दबंगों ने काफी भूमि पर कब्जा कर रखा है जिसे रवीश कुमार सिंह के अथक प्रयास से खाली कराया गया। जनप्रतिनिधि गणों के सहयोग से कायाकल्प हो गया। मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराना है। सई नदी के किनारे स्थापित होने के कारण काफी रामणीक है। यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। दोनों प्रमुख मांगों को युवाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखाए जिस पर उन्होंने मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया।

# गुरु दक्षिणा पर्व पर उच्च शिक्षा मंत्री ने वृक्षारोपण किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना



वृक्षारोपण करती उच्च शिक्षा राज्य मंत्री फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** गुरु दक्षिणा पर्व पर बुधवार को दोपहर उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और शाहबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी ने वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश दिया। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नारायण सिंह डिग्री कॉलेज ककरघटा पहुंची। यहां पर उन्होंने सबसे पहले वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने अपने हाथों से मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया तत्पश्चात पश्चात गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक एवं गन्ना समिति हरदोई के अध्यक्ष रंजीत सिंह, भाजपा के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, ग्राम प्रधान शरद सिंह, नारायण सिंह डिग्री कॉलेज के प्राचार्य राहुल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## आईआईटी खड़गपुर से हरदोई की बेटी मानसी पाठक को डॉक्टरेट की उपाधि, ग्रामीण वायु प्रदूषण पर देश का पहला बड़ा शोध



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जनपद की मानसी पाठक, पुत्री अचल पाठक एवं रमा पाठक (ग्राम प्रधान) को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर से डॉक्टरेट (PhD) की उपाधि प्रदान की गई है।

**उनका शोध विषय था:** ''ग्रामीण भारत में वायुमंडलीय प्रदूषणः स्रोत, कारक, रुझान और निहितार्थ'',जो भारत में ग्रामीण वायु प्रदूषण पर किया गया पहला वैज्ञानिक और व्यापक अध्ययन माना जा रहा है। यह शोध आईआईटी खड़गपुर के कोरल (CoRAL) केंद्र में प्रो० जयनारायणन कुट्टिप्पुरथ के निर्देशन में पूर्ण हुआ। अपने शोध कार्यकाल के दौरान मानसी ने 8 शोध लेख अंतरराष्ट्रीय स्तर की उच्च गुणवत्ता वाली पत्रिकाओं में प्रकाशित किए, जिनमें पर्यावरण प्रदूषण, केमोस्फीयर, जर्नल ऑफ हैज़र्डस मैटेरियल्स एडवांसेज, तथा एनवायरनमेंटल साइंसः प्रोसेसेस एंड इम्पैक्ट्स प्रमुख हैं। डॉक्टरेट समिति में प्रो० किंसुक नस्कर (अध्यक्ष), प्रो० रेंजी रेमेसन, प्रो० अभिषेक राय, और प्रो० प्रणब देब शामिल थे। मानसी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हरदोई के सेंट जेवियर स्कूल से प्राप्त की, इसके बाद सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक और एमटेक किया और फिर आईआईटी खड़गपुर में पीएचडी के लिए चयनित हुईं। उनके दादा रमेश चंद्र पाठक, हरदोई के वरिष्ठ पत्रकार और उद्यमी हैं। आईआईटी खड़गपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में मानसी पाठक को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि हरदोई और देश की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## बंद करनी थी मधुशाला सरकार ने बंद कर दी पाठशाला ग्रामीणों में आक्रोश



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ ( हरदोई )।** प्राथमिक विद्यालय जुडावन खेड़ा में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व एवं जिला समिति के निर्देशानुसार मर्जर के खिलाफ जनपद हरदोई के सुदूर विद्यालय में अभिभावक को द्वारा बैठक की गई। जिसमें सरकार के इस फैसले का ग्रामीणों ने आक्रोश करते हुए विरोध व्यक्त किया है।

बॉर्डर के गांव में मर्जर के विरुद्ध भारी विरोध देखने को मिला समस्त ग्रामवासी एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने जबरदस्त विरोध किया ग्रामवासियों ने कहा एक तो हम पहले से ही जनपद के बॉर्डर पर रह रहे हैं दूसरी तरफगांव के छोटे से मजरे में प्राथमिक विद्यालय संचालित था उसे भी मर्जर कर दिया गया है यह हम ग्राम वासियों के साथ घोर अन्याय है हम सभी ग्रामवासी सरकार द्वारा इस मर्जर व्यवस्था का विरोध करते हैं सरकार हमारे विरोध के संज्ञान में ले और हमारे मजरे में विद्यालय संचालन जारी रखें संघ के ब्लॉक का अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इससे समाज का सबसे निम्न वर्ग प्रभावित हुआ है सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। योगेश वर्मा (मंत्री) ने ग्राम वासियों के साथ बातचीत की और कहा विद्यालय को संसाधन की आवश्यकता है सरकार को संसाधन की पूर्ति करनी चाहिए ना कि विद्यालय को मर्ज करना चाहिए पदाधिकारी अनुपम कनौजिया ने कहा कि छोटे से मुजरे में विद्यालय है तो कई आवश्यकताओं की पूर्ति होती है शिक्षा ही गरीबी दूर करने का सबसे उचित साधन है। संदीप कुमार ने कहा कि विद्यालय बालिका शिक्षा के लिए अत्यधिक आवश्यक है आदर्श कुमार ने कहा कि पड़ोस में ही शराब का ठेका ;मधुशालाद्ध खुला है बंद तो शराब का ठेका होना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि मधुशाला के बजाय पाठशाला को बंद कर दिया गया। ग्राम वासियों ने कहा कि विद्यालय बंद होने से हमारी किस्मत ही बंद हो गई है लालता प्रसाद ने कहा कि हमारा विद्यालय किसी भी दशा में बंद नहीं होना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा शिक्षक बड़ी मेहनत कर रहे हैं बड़ी मुश्किल में स्कूल बना था इसे चलना चाहिए गांव में पास में ही माइनर बह रहा है बच्चे दूर जाएंगे तो माइनर से खतरा है तथा खासकर लड़कियों की सुरक्षा भी खतरे में रहेगी। यह मीटिंग ब्लॉक मीडिया प्रभारी आदर्श कुमार सिंह की देखरेख में हुई ।

## केयरटेकर को 27 माह से नहीं मिला मानदेय, डीएम से लगाई गुहार

**टड़ियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई के लिए तैनात की गई आजीविका मिशन की अध्यक्ष को 27 माह से मानदेय नहीं दिया गया है। उसने ग्राम प्रधान पर मानदेय नहीं दिलाये जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से अपना दुखड़ा बयां किया है। अहिरोरी ब्लॉक के गांव गोपालपुर की रहने वाली जमीला बानों ने जिलाधिकारी से की शिकायत में कहा है कि जनवरी 2022 से सामुदायिक शौचालय में सफाई व्यवस्था के लिए तैनात की गई थीएतब से वह अपने कार्यों को जिम्मेदारी पूर्वक निभा रही हैं। आरोप लगाया है कि आजीविका मिशन समूह की अध्यक्ष होने के चलते समूह की सदस्य रोशनी को ग्राम प्रधान ने हटाने का उस पर दबाव बनाया। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने समूह सदस्य रोशनी को हटाकर खुद अपनी पुत्रबधू के नाम शामिल करवा कर कोटा चयन करवाना चाह रहे हैं। उसने शिकायत में कहा ग्राम प्रधान उसी रंजिश में उसके मानदेय को ग्राम सचिव से नहीं निकलने दे रहे हैं। उसका कहना हैए कि कई बार उसने मानदेय निकालने के लिए प्रधान से अनुरोध किया तो उससे 30 हजार रूपए की डिमांड कर दी। पीड़िता जमीला ने ग्राम प्रधान को रिश्वत नहीं दे पाने के चलते उसका मानदेय खाते में नहीं भेजा जा रहा है। इस संबंध में डीपीआरओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की उन्हें जानकारी नहीं है। यदि केयरटेकर के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है और मानदेय नहीं दिया जा रहाएतो उन्हें शिकायत करें ताकि उसे मानदेय दिलाया जा सके।

## धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाला दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी कस्बे में आईटीआई करने वाली युवती के साथ तमंचे के बल दुराचार कर फोटो और वीडियो शूट कर जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस पीड़िता की सहेली सह आरोपी युवती को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। 11 जुलाई को पीड़िता द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी कि उसकी सहेली रीना बानो पुत्री हफीजुल्ला निवासी मोहल्ला लोहानी थाना पिहानी अपने घर ले गयी थी। जहां पर पहले से मौजूद इलाहाबाद के हैदर नामक युवक द्वारा जबरदस्ती तमंचे के बल पर उसके साथ गलत कार्य किया गया। उसके हैदर व रीना बानो द्वारा फोटो और वीडियो बना दिए गए जिनके माध्यम से उस पर धर्मपरिवर्तन करने का दबाव बनाया गया। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। उपनिरीक्षक राकेश कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद इन्तेखाब हैदर उर्फ हैदर पुत्र बाबर उर्फ इसरार मिर्जा निवासी मो0 गंगाजल सुल्तानपुर भावा थाना करैली जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उपरोक्त प्रकरण से सम्बन्धित नामजद रीना बानो को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय अभिरक्षा में भेजा चुका है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

## किशोरी बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी थाना क्षेत्र से छः दिन पूर्व घर से लापता हुई किशोरी को उसके परिजनों ने तलाशते हुए मंगलवार की शाम को बरामद कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। किशोरी की मां के अनुसार उसकी 15 वर्षीय पुत्री 9 जुलाई की शाम को करीब 5 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। घर वाले उसकी बहुत तलाश कर रहे थे। सूचना पर घरवालों ने पुत्री को मंगलवार की शाम को पिहानी शाहाबाद तिराहे के पास पकड़ा और घर चलने के लिए कहा। पुत्री ने घर आने से मना कर दिया, तो किसी तरह समझा कर पुत्री को साथ लेकर वह कोतवाली पिहानी पहुंची। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बाल चिकित्सालय में लगी आग, हर तरफ धुंए का गुब्बार

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नघेटा रोड स्थित कीर्ति कृष्णा बाल चिकित्सालय में आज अज्ञात कारणों से आग लग गई आग लगने के बाद पूरा अस्पताल कैंपस धुएं से भर गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को सीढ़ी के सहारे छत से नीचे उतरना पड़ा। यह बिल्डिंग तीन मंजिला इमारत है जिसमे यह चिकित्सालय है घटना की गंभीरता के बावजूद कुछ समय बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और पुलिस के जवान मौके पर नज़र आए। इस हादसे के समय अस्पताल में 18 बच्चे भर्ती थे। साथ में उनके परिजन थे। अस्पताल स्टाफ ने सभी सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। कुछ देर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। अस्पताल परिसर में धुआं भरा होने के कारण दमकल कर्मियों को अंदर जाने में दिक्कत हो रही है। बाद मे जो जानकारी प्राप्त हो रही है जिसमे शार्ट सर्किट इस आग का कारण बताया जा रहा है फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नही है।

## जन सूचना अधिकार के तहत मांगी सूचना नही मिली

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** ग्राम पंचायत सहिजना में चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध दिए गए प्रार्थना पत्र पर निस्तारित आख्या की जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की सूचना एसडीएम कार्यालय से नही दी गई। मजबूर होकर उसने जिलाधिकारी से प्रथम अपील की है। कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अनूप अग्निहोत्री ने भेजे पत्र में कहा कि उसने एसडीएम बिलग्राम से निर्धारित प्रपत्र पर सूचना मांगी परन्तु कार्यालय से निर्धारित अवधि में उसे सूचना नही दी गई। मजबूर होकर उसे डीएम कार्यालय में प्रथम अपील करने को बाध्य हुआ।

## स्वच्छता कर्मी ने नोटिस का नहीं दिया गया जवाब

**टड़ियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** ग्राम पंचायत बोझवा में तैनात सफाई कर्मी पर साफ-सफाई न करने और ड्यूटी से बगैर कोई लिखित सूचना के नदारद रहने पर ग्राम सचिव प्रेमपाल अरुण ने डीपीआरओ विनय कुमार सिंह को कार्यवाही के लिए संस्तुति पत्र दिया। बीती चार जुलाई को डीपीआरओ ने सफाई कर्मी को एडीओ पंचायत के जरिए नोटिस देकर सात दिवस में जवाब मांगा। मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नोटिस का जवाब दिया गया है। एडीओ पंचायत नरेंद्र वर्मा ने बताया कि नोटिस देने के बाद जवाब दिया गया या नहीं? इस बारे कोई जानकारी नहीं है। डीपीआरओ ने कहा आरोपी सफाई कर्मी के विरुद्ध अग्रिम कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## अचानक पैर फिसलने की वजह से नहर में बहा नवयुवक

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** एक दुःखद घटना में 24 वर्षीय युवक नहर में डूब गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव तेंदुआ निवासी अवधेश का इकलौता पुत्र अंशुल दोपहर में अपने ताऊ सुभाष के खेत में गया था। वहां ट्रैक्टर को पलेवा के दौरान फंसने से निकलवाने के बाद मल्लावां.संडीला रोड स्थित गोसवा नगर पुल के पास नहर में हाथ.पैर धोने लगा। अचानक अंशुल का संतुलन बिगड़ गया और वह नहर के तेज बहाव मे बहने लगा वहां पर आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत शोर मचाया। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। थाना अध्यक्ष बालेंद्र मिश्रा के अनुसारए छक्त्थ् टीम को सूचना दे दी गई है। साथ ही बिलग्राम के राजघाट घाट से भी गोताखोरों को बुलाया गया है। बचाव कार्य जारी है देर शाम तक गोताखोर अंशुल को खोजते रहे लेकिन उसका पता न चल सका।

## विवाहिता को पीट कर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐगवां निवासी विवाहिता ने शाहजहांपुर जनपद निवासी अपने पति पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता रामबेटी पुत्री मुरली के अनुसार उसका विवाह करीब 13 वर्ष पूर्व शाहजहांपुर जनपद के जलालाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पलहरी निवासी अनमोल पुत्र रामनरेश के साथ हुआ था। उसके दो बच्चे भी हैं। वह अपने पति के साथ पानीपत में रह रही थी। पति के वहीं पानीपत निवासी महिला से नाजायज संबंध बन गए। काफी समझाने का प्रयास किया। करीब तीन माह पूर्व अवैध संबंधों का विरोध करने पर आरोपी पति ने उसे काफी मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी देते हुए बच्चों के साथ घर से भगा दिया। तब से वह अपने पिता के घर बच्चों के साथ रह रही है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी थाना क्षेत्र के पंडरवा के निकट तीन दिन पूर्व एक बाइक चालक को कार चालक ने टक्कर मार दी थी। जिसमें बाइक चालक की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम गदाई पुर निवासी मृतक राकेश की पत्नी मानवती के अनुसार 12 जुलाई की रात करीब 9 बजे उसका पति अपनी बाइक स से रिश्तेदारी में हाजीपुर जा रहा था। पंडरवा के निकट जहानीखेड़ा की ओर से आ रही वैगन आर कार के चालक ने उसके पति की बाइक में टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस से घायल अवस्था में सीएचसी पिहानी लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा उसके पति के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हाशिमपुर में खेत से पैदल जा रहे युवक को बाइक चालक द्वारा टक्कर मार कर घायल करने के मामले में घायल की मां की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ईशावती पत्नी लेखराज के अनुसार आठ जुलाई की रात करीब 8 बजे उसका पुत्र विकास खेत से घर जा रहा था। रास्ते में बाइक चालक ने उसे पीछे से टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसके पुत्र को सीएचसी लाया गया जहां से इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उसके पुत्र का इलाज चल रहा है। घायल की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पांच बच्चों की मां प्रेमी के साथ फरार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी थाना क्षेत्र निवासी एक पांच बच्चों की 40 वर्षीय मां पति से कहा सुनी होने पर तीन वर्षीय बच्चे को साथ लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने पति की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी 40 वर्षीय पत्नी पांच बच्चों की मां है। 5 जुलाई को उसके साथ कुछ कहा सुनी होने के बाद उसकी पत्नी अपने तीन वर्षीय एक बच्चे को लेकर कहीं चली गई है।उसने अपनी पत्नी को सभी रिश्तेदारियों में काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पति की तहरीर के आधार पर पिहानी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर लापता महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार महिला की अपने प्रेमी के साथ जाने की संभावना है।

## श्री कृष्ण जन्म सेवा दल ने हरदोई के कई मंदिरों में आयोजित किया 114वाँ हनुमान मंगल पाठ



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व् कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर एक सौ चौहदहवे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया। आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री रामेश्वरम पंचमुखी हनुमत धाम कटेहा हरदोई, श्री ठाकुरद्वारा मंदिर सदर बाज़ार, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्रीशिव श्याम मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व् आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

हरदोई का एकमात्र बाला जी का मंदिर श्री रामेश्वरम पंचमुखी हनुमत धाम कटेहा मंगलीपुरवा फाटक हरदोई जहाँ मेंहदीपुर बाला जी की तर्ज पर लोगो की बड़ी सी बड़ी परेशानियां और बीमारिया दूर होती है, लोगों के बिगड़े काम चुटकियों में बनते हैए भूत प्रेत बाधा अपना बंधन छोड़कर भाग जाती है वहाँ पुजारी कमलकांत बबलू भैया के संयोजन में मंगल पाठ का आयोजन किया गया श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के युवा सचिव अमन सिंह के नेतृत्व में राजू, सोमेश, पारंगत शुक्ला, काका जी, वेद कुशवाह समेत तमाम भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में संस्था सदसय पंकज गुप्ता ने सभी को हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। इस अवसर पर भजन गायक नितिन मिश्रा और अपूर्व गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन जहाँ जहाँ कीर्तन होता मेरे श्री राम का, पवन सुत माँ अंजनी के लाल तुम हो, जब जब संकट कोई गहरा होता है, हारा हूँ बाबा बस तुम पर भरोसा है आदि भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर संस्था महासचिव गौरव अग्रवाल, बहादुर बेटियाँ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, अवध राज, गोलू गुप्ता, सचिन शुक्ला, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, अनिल गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। पूजन मंदिर पुरोहित शास्त्री रवि मिश्र व अनिरुद्ध तिवारी ने किया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री ठाकुर द्वारा मंदिर सदर बाज़ार में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति एबजरंग बाण व् आरती के साथ सुंदर कांड किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि ज्येष्ठ के प्रत्येक मंगल नासें रोग हरे सब पीड़ा भय मुक्ति के दाता वीर हनुमान जी को याद करने का पुण्य पर्व है। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता, शशि गुप्ता, रामवती देवी, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कठिन परिश्रम ही सफलता की प्रथम सीढ़ी हैः प्रधानाचार्य



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर हरदोई द्वारा आयोजित ''शील सम्मान समारोह'' के अंतर्गत गंगा देवी इंटर कॉलेज हरदोई में इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलंकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की प्रथम सीढ़ी है शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है शिक्षित व्यक्ति ही सही दिशा चुनकर अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकता है। डॉ० राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर रश्मि द्विवेदी ने कहा कि किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सर्वप्रथम लक्ष्य का निर्धारण करना अति आवश्यक है अपने लक्ष्य को पाने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसके लिए कठिन परिश्रम आत्म संयमी सही दिशा का होना अति आवश्यक है द्य आप लोगों का भविष्य बनाने में शिक्षकों का माता-पिता का पूर्ण योगदान रहता है इसलिए आप सभी उनका सम्मान जीवन पर्यंत करें। समारोह में प्रथम स्थान पर 77.8% कंचन कश्यप द्वितीय स्थान पर 77.02% गुनगुन कश्यप तृतीय स्थान पर 76% कविता को शील्ड सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया सोनम कश्यप नंदिनी अंजली गुप्ता बबीता वर्मा आदि छात्राओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार प्रधानाचार्य डॉक्टर अभिराम सिंह द्वारा किया गया। संचालन अखिलेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में प्रवक्ता आलोक करण सिंह प्रवक्ता ओमप्रकाश, प्रवक्ता सुखदेव सिंह उपस्थित रहे स्वागत प्रियंका ने किया।

## 2 सप्ताह बाद भी नहीं हो सका आईजीआरएस का निस्तारण

**टड़ियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सीएम योगी के जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर की जाने वाली शिकायतों की समय पर समीक्षा न होने के चलते फरियादियों की शिकायत 20 से करीब 25 दिन तक लंबित पड़ी रहती है। पंचायत राज महकमें के (एडीओ पंचायत) की शिकायत को आरोपित महकमें ने आरोपित को जांच अधिकारी नामित कर दिया। जिसकी वजह से शिकायत के करीब 2 सप्ताह बीत गए हैं। लेकिन जांच अधिकारी ने उसकी कोई सुधि नहीं ली है। शिकायतकर्ता ने पंचायत राज महकमें के जिम्मेदारों पर शिकायत निस्तारण में घोर लापरवाही बरतने और मनमाने ढंग से दायित्वों के निर्वहन करने का आरोप लगाया है।

टड़ियावां ब्लॉक के गांव जिगिनिया खुर्द के सचिन श्रीवास्तव ने सीएम योगी के जनसुनवाई पोर्टल पर आईजीआरएस के जरिए बीती एक जुलाई को डीएम को दर्ज कराई शिकायत में कहा कि ब्लॉक में तैनात सचिव नरेंद्र कुमार को शासन की तबादला नीति से अधिक हो गए है। बावजूद इसके पंचायत राज महकमें के जिम्मेदारों ने सचिव/प्रभारी एडीओ पंचायत का तबादला नीति से दूर रखा गया है। उसने कहा कि सचिव श्री वर्मा विगत कई वर्षों से पंचायत राज महकमें के रहमो करम पर एडीओ पंचायत का प्रभार भी संभाले हुए हैं। उसने शिकायत में सचिव/प्रभारी एडीओ पंचायत गंभीर आरोप भी लगाये है। उसकी शिकायत दर्ज हुए तब से करीब 2 सप्ताह बीत गए हैं। लेकिन स्थानांतरण करना तो दूर रहा बल्कि कोई सुनवाई नहीं की गई है। इस मामले में खासबात यह कि पीड़ित सचिन श्रीवास्तव ने जिस सचिव/एडीओ पंचायत की नियमावली के अधीन आने के पश्चात ट्रांसफर न किये जाने की डीएम से शिकायत दर्ज कराई। उसकी शिकायत को पंचायत राज महकमें ने आरोपित को जांच आख्या लगाने के नामित कर दिया। यही वजह रही कि पीड़ित सचिन की शिकायत पर करीब 2 सप्ताह बीत जाने के बाद भी ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है।

## सोते समय नाबालिग किशोरी के साथ अश्लील हरकत के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी एक पीड़ित महिला ने स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 15 जुलाई की रात अपने बच्चों के साथ सोई हुई थी तभी देर रात में हिंगुआपुर निवासी विनोद पुत्र रामचरन घर में घुस आया और उसकी 16 वर्षीय लड़की के साथ अश्लील हरकत की शोर मचाने का प्रयास करने पर मुंह दबा दिया मां के जागने पर आरोपित युवक को पकड़ने का प्रयास किया गया तो युवक भाग गया । नाबालिग किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया है। थाना अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर युवक को हिरासत मे लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मातृभाषा से आशा

भले ही जनाधार खोते राजनेता नई शिक्षा नीति के तीन भाषा फॉर्मूले का विरोध अपनी राजनीति चमकाने के लिये कर रहे हों, लेकिन इस दिशा में किए गए नये प्रयोग आशा की नई किरण भी जगा रहे हैं। यह निर्विवाद सत्य है कि बच्चा अपनी मातृभाषा में जितनी आसानी और सहजता से सीख सकता है, उतना किसी थोपी गई भाषा में नहीं। तमाम शिक्षाविद् और भाषाविज्ञानी मानते रहे हैं कि दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले शब्दों व परिवेशगत ज्ञान विद्यार्थियों को जल्दी सीखने में मददगार हो सकता है। देश में 121 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। वहीं मातृभाषाओं की संख्या सोलह से अधिक है। इतनी अधिक भाषायी विविधता वाले देश में, जब बच्चे अपने आसपास जो देखते और महसूस करते हैं, वो उनकी स्मृतियों में स्थायी बस जाते हैं। जब ये बातें उनके शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनती हैं, तो वे इसका आसानी से अंगीकार कर लेते हैं। कई शिक्षा आयोगों ने भी इसी बात की वकालत की है। इसी सोच के चलते देश के विभिन्न भागों में तीन भाषा फॉर्मूले को लेकर कई प्रयोग हो रहे हैं। इस रचनात्मक पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। जिसके निष्कर्ष बताते हैं कि मातृभाषा में पढ़ाई करने से बच्चों की सीखने की गति तेज हुई है। इससे साक्षरता की दर में सकारात्मक बदलाव आया है। इतना ही नहीं इससे जहां छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा है, वहीं उनकी कक्षा में सहभागिता भी बढ़ी है। सही मायनों में नई शिक्षा नीति में तीन भाषा फॉर्मूले का मकसद भी यही रहा है। विगत के अनुभव बताते हैं कि जब छात्र-छात्राओं को उनकी मातृभाषा से इतर अन्य भाषा में पढ़ाया जाता रहा है तो इसका असर उनकी सीखने की प्रक्रिया पर पड़ता है। ऐसे में दूर-दराज के गांव-देहात या आदिवासी इलाकों से आने वाले विद्यार्थी अन्य शहरी बच्चों का मुकाबले करने में असफल हो जाते हैं। जिससे उनके स्कूल छोड़ने के प्रतिशत में भी वृद्धि होती है। मौजूदा स्थितियों में तीन भाषा फॉर्मूले को लेकर किए जा रहे नये प्रयोग नई उम्मीद जगा रहे हैं। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान और ओडिशा के 13 जिलों में बच्चों को उनकी राज्यभाषा और अंग्रेजी के साथ-साथ मातृभाषा में पढ़ाने के लिये राज्य सरकारों के साथ मिलकर बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया। इससे न केवल चयनित जिलों में बच्चों की साक्षरता दर में सुधार हुआ, बल्कि उनमें अन्य भाषा को सीखने की अभिरुचि भी बढ़ी है। एक महत्वपूर्ण प्रयोग के रूप में प्रारंभिक कक्षाओं में स्थानीय भाषा, सांस्कृतिक परंपराओं व परंपरागता ज्ञान को शामिल करने के लिये स्थानीय समुदायों की मदद भी ली गई। जिसमें स्थानीय परिवेश में उपजी लोककथाओं, स्थानीय संस्कृति आधारित कहानियां तथा कई पीढ़ियों से हासिल पारंपरिक ज्ञान को भी शामिल किया गया। बच्चों की पढ़ाई में रुचि बनी रहे, इसके लिये रचनाधर्मिता का सहारा भी लिया गया। जिसमें मौखिक शिक्षा प्रणाली का भी उपयोग किया गया। ऐसी शिक्षण सामग्री तैयार की गई जिससे बच्चे आसानी व रुचि के साथ आसानी से सीख सकें। मसलन कविता पोस्टर, कहानी के पात्रों के चित्र, वार्तालाप दर्शाने वाले चार्ट, शब्द कार्ड, वर्ण मात्रा कार्ड तथा चित्रों के जरिये कहानी बताने वाली किताबें इसमें शामिल की गईं। जिसने छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि जगायी और वे आसानी से सीखने लगे। उदाहरण के लिये छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में जहां पचास फीसदी बच्चे हल्बी बोलते थे, वहां हिंदी में पढ़ाई करने से शिक्षण के सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ रहे थे। इस क्षेत्र में प्रारंभिक कक्षाओं में हल्बी को हिंदी के साथ जोड़कर पढ़ाया गया। इस शैक्षिक कार्यक्रम को क्रियानवित करने के बाद सर्वे में यह सामने आया कि बस्तर में औसतन साक्षरता की दर में इकतीस फीसदी की, संख्या ज्ञान में पच्चीस फीसदी और वर्ण-अक्षर पहचान में छब्बीस फीसदी का सुधार हुआ। इसके अलावा मौखिक पाठन में चौदह फीसदी का सुधार आया। निश्चित रूप से इस अभिनव पहल ने देश को संदेश दिया कि मातृभाषा में शिक्षण से साक्षरता व शिक्षा की गुणवत्ता में आशातीत बदलाव लाया जा सकता है।

**देश में 121 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। वहीं मातृभाषाओं की संख्या सोलह से अधिक है। इतनी अधिक भाषायी विविधता वाले देश में, जब बच्चे अपने आसपास जो देखते और महसूस करते हैं, वो उनकी स्मृतियों में स्थायी बस जाते हैं। जब ये बातें उनके शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनती हैं, तो वे इसका आसानी से अंगीकार कर लेते हैं। कई शिक्षा आयोगों ने भी इसी बात की वकालत की है। इसी सोच के चलते देश के विभिन्न भागों में तीन भाषा फॉर्मूले को लेकर कई प्रयोग हो रहे हैं।**

## अंतरिक्ष में भारत के आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा

डॉ. सत्यवान सौरभ

**भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम कोई दिखावा नहीं, बल्कि जमीनी जरूरतों का समाधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की सटीक जानकारी, किसानों के लिए फसल पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, संचार और शिक्षा के लिए सस्ती सेवाएं—ये सब हमारे उपग्रहों की देन हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता सिर्फ रॉकेट प्रक्षेपणों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, सटीकता और न्यूनतम लागत में छुपी हुई है। यही कारण है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र भी आज अपने उपग्रह प्रक्षेपण के लिए भारत का रुख कर रहे हैं। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और आगामी गगनयान मिशन भारत को उस गुट में खड़ा कर रहे हैं, जहां सिर्फ चंद विकसित देश अब तक मौजूद थे। गगनयान मिशन, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी यान में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, सिर्फ विज्ञान नहीं बल्कि भारतीय आत्मगौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का प्रतीक होगा।**

मानव इतिहास की परिधि पर जब भी कोई नया चक्र उभरता है, तो उसमें विज्ञान, कल्पना और आत्मबल की त्रयी सबसे महत्वपूर्ण होती है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा, जो एक समय टिन के डब्बों में साइकिलों पर रॉकेट लेकर चलने से शुरू हुई थी, आज न केवल चंद्रमा और मंगल की मिट्टी तक पहुंच चुकी है, बल्कि मानव संसाधन के नए क्षितिज भी गढ़ रही है। हाल ही में संपन्न हुई भारतीय मूल की गगनयात्री सुनीता विलियम्स की ऐतिहासिक वापसी, न केवल अमेरिका की सफलता है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष स्वप्नों को भी नए पंख दे गई है। उनके साहस ने भारत की आधी आबादी-नारी शक्ति-को यह संदेश दिया है कि अब अंतरिक्ष केवल विज्ञान का विषय नहीं, बल्कि आत्मबल, समानता और नवाचार का प्रतीक बन चुका है। और अब अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 18 दिनों के अंतरिक्ष प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट चुके हैं। वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आए हैं। भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम कोई दिखावा नहीं, बल्कि जमीनी जरूरतों का समाधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की सटीक जानकारी, किसानों के लिए फसल पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, संचार और शिक्षा के लिए सस्ती सेवाएं—ये सब हमारे उपग्रहों की देन हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता सिर्फ रॉकेट प्रक्षेपणों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, सटीकता और न्यूनतम लागत में छुपी हुई है। यही कारण है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र भी आज अपने उपग्रह प्रक्षेपण के लिए भारत का रुख कर रहे हैं। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और आगामी गगनयान मिशन भारत को उस गुट में खड़ा कर रहे हैं, जहां सिर्फ चंद विकसित देश अब तक मौजूद थे। गगनयान मिशन, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी यान में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, सिर्फ विज्ञान नहीं बल्कि भारतीय आत्मगौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का प्रतीक होगा। इस यात्रा का सबसे रोचक पहलू यह है कि इसमें अब केवल वैज्ञानिक ही नहीं, आम भारतीय युवाओं के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। इसरो, रक्षा अनुसंधान संगठन और निजी क्षेत्र के सहयोग से भारत एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है जहां विज्ञान, नवाचार, रोजगार और उद्यमिता एक साथ फल-फूल सकते हैं। सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला, और अब भारत की युवा वैज्ञानिक-ये सब उदाहरण हैं उस शक्ति के जो अंतरिक्ष में भी सीमित नहीं है। आज देश की बेटियां रोवर बना रही हैं, सॉफ्टवेयर कोड लिख रही हैं, रॉकेट डिजाइन कर रही हैं। भारतीय अंतरिक्ष केंद्रों में महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी इस मिथक को तोड़ती है कि विज्ञान केवल पुरुषों का क्षेत्र है। यह केवल लैंगिक समानता की बात नहीं, यह सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की नींव है। जब एक लड़की अंतरिक्ष में जाती है, तो पूरे समाज का सोचने का तरीका बदलता है। देश के नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, सरकारी स्कूलों, और ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्र-छात्राएं अब स्पेस क्लब का हिस्सा हैं। नन्हे वैज्ञानिक अब मोबाइल एप्लिकेशन से रॉकेट लॉन्च की प्रक्रिया को समझ रहे हैं, और निजी स्टार्टअप्स जैसे अग्निकुल, 'स्काईरूट', और पिक्सेल अंतरिक्ष आधारित स्टार्टअप संस्कृति को जन्म दे रहे हैं। यह परिवर्तन केवल पढ़ाई या परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार सृजन, नवाचार, और आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव भी है। अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सपना अब सिर्फ सपना नहीं, योजनाबद्ध यथार्थ बनता जा रहा है। भारत में 2021 में स्थापित हुए अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या 30 से बढ़कर 2025 में 190 से अधिक हो चुकी है। इस वृद्धि के पीछे न केवल सरकारी नीतियां हैं, बल्कि वह युवा ऊर्जा भी है जो रिस्क लेने को तैयार है। अब भारतीय युवा सिर्फ सरकारी नौकरी की तरफ नहीं देख रहा, वह अब सोचता है कि वह क्यों न खुद एक उपग्रह विकसित करे? क्यों न वह लॉन्च सर्विस उपलब्ध कराए? क्यों न वह अंतरिक्ष कचरे की सफाई पर स्टार्टअप शुरू करे? यह वही नया भारत है, जो न केवल ख्वाब देखता है, बल्कि उन्हें साकार भी करता है। भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में केवल एक अनुसरणकर्ता नहीं, एक पथप्रदर्शक बनता जा रहा है। अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका के कई देश भारत से सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। भारत के सार्क सैटेलाइट का निर्माण यह दर्शाता है कि वह विज्ञान को केवल राष्ट्रहित में नहीं, विश्वहित में भी प्रयोग करना चाहता है। भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना अब पृथ्वी तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह ब्रह्मांड तक विस्तार पा रही है। हालांकि यह भी आवश्यक है कि अंतरिक्ष विज्ञान के इस उत्साह को तर्क और जिम्मेदारी के साथ देखा जाए। विज्ञान का उपयोग यदि केवल आत्मप्रशंसा या राजनीतिक प्रचार के लिए हो, तो वह अपने मूल उद्देश्य से भटक सकता है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल चंद्रमा पर तिरंगा फहराने का उपक्रम नहीं, बल्कि गांव-गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और आपदा राहत पहुंचाने का भी माध्यम है। सच्चा राष्ट्रवाद वही है जो विज्ञान को लोकमंगल से जोड़ता है, न कि केवल मीडिया तमाशा बनाता है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल रॉकेटों की गिनती नहीं है। यह देश की चेतना, आत्मबल, नवाचार, और युवाशक्ति की उड़ान है। जब कोई बच्चा गांव की मिट्टी से उठकर अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने का सपना देखता है, जब कोई युवती कहती है कि वह सुनीता विलियम्स या कल्पना चावला बनना चाहती है, और जब कोई शिक्षक अपने छात्रों को ब्रह्मांड के रहस्यों से अवगत कराता है, तब समझिए कि भारत सचमुच उड़ रहा है। और यह उड़ान, केवल आकाश की ओर नहीं, एक समावेशी, स्वावलंबी और वैज्ञानिक समाज की ओर है। इसलिए, आइए हम विज्ञान को केवल प्रयोगशालाओं में सीमित न करें, उसे घर-घर तक पहुंचाएं। विज्ञान का दीपक केवल रॉकेट नहीं बनाता, वह आशा, समानता और आत्मनिर्भरता की लौ भी जलाता है। अंतरिक्ष में भारत की यह यात्रा यहीं नहीं थमेगी। यह हर उस हृदय की धड़कन बनेगी, जो सोचता है, जो गढ़ता है और जो उड़ना चाहता है।

## अब मतदाता सूचियों में विदेशी नामों का हौवा

राजेंद्र शर्मा

जिसकी आशंका थी, बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के पीछे के असली खेल का पर्दे के पीछे से झांकना शुरू हो गया है। यह शुरूआत हुई है इसके दावों के साथ कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के क्रम में घर-घर जाने से मिल रही जानकारियों से पता चला है कि मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नेपाली, बंगलादेशी और म्यांमार के लोगों के नाम हैं। बेशक, अभी तक ये कथित जानकारियां, चुनाव आयोग में मौजूद सूत्रों से आ रही जानकारियों के तौर पर ही मीडिया में आयी हैं। चुनाव आयोग ने खुद औपचारिक रूप से न तो ऐसा कोई बयान दिया है और न ऐसा कोई दावा किया है। बहरहाल, ये खबरें जितने बड़े पैमाने पर और वास्तव में जिस तरह हर जगह ही मीडिया में आयी हैं, उससे साफ है कि यह दबी-छुपी जानकारी का मामला नहीं है, जिसे किन्हीं इक्का-दुक्का सूत्रों ने उजागर कर दिया हो और इस या उस मीडिया संस्थान के हाथ लग गयी हों। इसके विपरीत, यह सूत्रों के नाम पर खुद चुनाव आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर खबर प्लांट किए जाने का मामला है। यह किसी से छुपा नहीं है कि मोदी राज की अपारदर्शिता की आम कार्य संस्कृति में रच-बसकर चुनाव आयोग ने भी अपनी स्वतंत्र भूमिका के अधिकतम पारदर्शिता के तकाजों को भुलाकर, मीडिया के जरिए जनता से और स्वयं सीधे राजनीतिक पार्टियों के साथ भी संवाद कम से कम कर दिया है। मोदी राज की तरह अब चुनाव आयोग भी संवाददाता सम्मेलन और चुनाव प्रक्रिया की मुख्य हितधारक, राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठकें कम से कम करता है और ज्यादा से ज्यादा सूत्रों के नाम पर खबरें प्लांट करने का सहारा लेता है। यही बड़ी संख्या में विदेशियों के नाम मतदाता सूचियों में होने के प्रचार के मामले में हो रहा है। कहने की जरूरत नहीं है कि यह एक जन-धारणा बनाने का और उसका अधिकतम प्रचार करने का ही खेल है। इस खेल में इस तरह का सूत्रों के नाम पर किया जाने वाला प्रचार, खासतौर पर मददगार होता है, जिसे विश्वसनीय बनाने के लिए जिस संस्था के नाम पर इस्तेमाल किया जाता है, उस संस्था को मंडन या खंडन में से कुछ भी करने की जरूरत ही नहीं होती है और इस तरह वास्तव में वह मौन स्वीकृति से इस धारणा के बनने में मदद ही कर रही होती है। यह मदद महत्वपूर्ण रूप से इस अर्थ में भी की जा रही होती है कि इस खबर, जिसे वास्तव में अफवाह ही कहना चाहिए, की जांच के लिए सवालों के जवाब देने के लिए, उसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई होता ही नहीं है। मिसाल के तौर पर श्मतदाता सूची में बड़ी संख्या में विदेशियों के नामश होने की इस धारणा के सिलसिले में, जिसको सत्ताधारी संघ-भाजपा से जुड़ा पूरा का पूरा प्रचार सिस्टम जोर-शोर से फैलाने में लगा हुआ है, न तो इसका कहीं कोई जवाब मिलेगा कि ये श्बड़ी संख्याश आखिरकार है कितनी और न ही इसका कोई जवाब मिलेगा कि घर-घर जाने के क्रम में अधिकारियों को यह जानकारी मिली कैसे? कथित रूप से घर-घर गए, निचले दर्जे के अधिकारियों ने, जिनमें ज्यादातर बीएलओ की भूमिका अदा कर रहे स्कूल अध्यापक ही हैं, कैसे जाना, किस तरह की जांच के जरिए जाना कि मतदाता सूची में शामिल अनेक नाम, वास्तव में विदेशियों के हैं? दूसरी ओर, सूत्रों के नाम पर फैलायी जा रही इन अफवाहों में आयोग के नाम पर ही यह अफवाह और जोड़ दी गयी है कि इन नामों को पक्की मतदाता सूची में से हटा दिया जाएगा। कैसे? इस सवाल का भी कोई जवाब नहीं है, हालांकि गोल-मोल तरीके से यह जरूर कहा जा रहा है कि जांच के बाद नामों को हटा दिया जाएगा। लेकिन, जैसा कि बिहार में जारी पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में दी गयी कानूनी चुनौतियों में बलपूर्वक रेखांकित किया गया है और अदालत भी जिससे सहमत नजर आयी है, नागरिकता की जांच करना चुनाव आयोग के दायरे में आता ही नहीं है। ऐसे में आयोग किसी भी रूप में नागरिकता की जांच को, मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने, हटाने का आधार बना ही नहीं सकता है। लेकिन, उद्देश्य उतना नाम हटाना नहीं है, जितना विदेशी घुसपैठ का हौवा खड़ा करना है। इस खेल के दो मकसद तो आसानी से पहचाने भी जा सकते हैं। पहला तो यही कि जिस बात की शुरू से ही आशंका जतायी जा रही थी कि, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की इस पूरी प्रक्रिया का ही मकसद मतदाता सूचियों की साफ-सफाई के नाम पर, इन सूचियों से वैध मतदाताओं की उल्लेखनीय संख्या को बाहर करना है, उसका इस तरह से औचित्य सिद्ध किया जा रहा होगा। और चूंकि इस पुनरीक्षण की पद्धति को इस तरह से ढाला गया कि यह ग्रामीण व शहरी गरीबों पर, कमजोर तबकों, जाति के लोगों पर, कम पढ़े-लिखे लोगों पर, अल्पसंक्चयकों और महिलाओं पर ही सबसे ज्यादा चोट करेगी, जबकि संपन्न, शिक्षित, सवर्ण पर सबसे कम चोट करेगी, मतदाता सूचियों की यह श्सफाईश, वस्तुगत रूप से सत्तापक्ष की मदद करेगी, जिसे वंचितों का अपेक्षाकृत कम और अधिकार-संपन्नों का अपेक्षाकृत अधिक समर्थन हासिल है। चुनाव आयोग की इस सब में इसलिए भी अतिरिक्त दिलचस्पी हो सकती है कि इस प्रक्रिया के अंत में उल्लेखनीय संख्या में मतदाताओं की छंटनी को, जो इस प्रक्रिया में ही निहित है, विदेशियों की छंटनी के नाम पर न सिर्फ उचित ठहराया जा रहा होगा बल्कि आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण की अपनी पद्धति की खामियों का जवाब देने के बजाय, इतने नामों का छांटा जाना जिसका साक्ष्य है, कथित रूप से विदेशियों से देश की जनतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए अपनी पीठ भी ठोक सकेगा। याद रहे कि मतदाता सूची में विदेशी नामों की खबरों ने खासतौर पर तब जोर पकड़ा है, जब मुख्यधारा के मीडिया के सरकार की ही तरह चुनाव आयोग का भी भोंपू बनने के बावजूद, कई साहसी स्वतंत्र पत्रकारों ने किसी भी तरह तय समय सीमा में इस नामुमकिन पुनरीक्षण को मुमकिन कर दिखाने की हड़बड़ी में, चुनाव आयोग द्वारा जमीनी स्तर पर अपने ही बनाए तमाम नियम कायदों को उठाकर ताक पर ही रख देने की सच्चाई को उजागर कर दिया है। यह मतदाता सूचियों में भारी धांधली और मनमानी की स्थितियां बनाता है। इस तरह ध्यान बंटाने के हथकंडों के जरिए सवालों से बचना तो, वर्तमान शासकीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा ही बन चुका है। विपक्ष को एक होकर लड़ना होगा दूसरा मकसद, और भी सीधा है। विदेशी घुसपैठ के खतरे का हौवा खड़ा करना, वर्तमान सत्ताधारियों के तरकश का एक प्रमुख तीर है। इस तीर की प्रमुखता का एक बड़ा आधार यह है कि विदेशी को आसानी से मुस्लिम का पर्याय बनाया जा सकता है और इस तरह विदेशी घुसपैठ के खतरे को आसानी से मुस्लिमविरोध का हथियार बनाया जा सकता है। मोदी निजाम के 11 साल में ही और खासतौर पर 2024 के आम चुनाव के समय से ही, मुस्लिमविरोधी प्रचार में जो विशेष तेजी आयी है, उसमें आम चुनाव के नतीजों के बाद से वर्तमान सत्ताधारी ताकतें, मुस्लिम घुसपैठियों के हौवे को खासतौर पर हवा दे रही हैं। झारखंड के विधानसभाई चुनावों में तो बंगलादेशी घुसपैठ का मुद्दा उछालने की प्रधानमंत्री के स्तर तक से, हरसंभव कोशिश की गयी थी, हालांकि झारखंड की जनता ने इसे खारिज कर दिया। अब बिहार के चुनाव के लिए और उससे भी आगे, अगले साल के शुरू में होने वाले असम तथा पश्चिम बंगाल के विधानसभाई चुनाव लिए खासतौर पर, बंगलादेशी घुसपैठ के भूत को नचाने की कोशिशें की जा रही हैं। वैसे इस खेल की व्याप्ति सार्वदेशिक है। इसीलिए, पिछले कुछ महीनों में राजधानी दिल्ली से लेकर मुंबई तक और ओडिशा समेत देश के दूसरे कई हिस्सों में कथित घुसपैठियों की पकड़-धकड़ के नाम पर, बंगला भाषा बोलने वाले मुसलमानों को खासतौर पर निशाना बनाया जा रहा है। इसी दौरान, पुनः सूत्रों के ही हवाले से, इसकी खबरें भी आनी शुरू हो चुकी हैं कि चुनाव आयोग ने देश के पैमाने पर, बिहार जैसे ही विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए कदम उठाने की शुरूआत कर दी है। स्वाभाविक रूप से विपक्षी पार्टियों ने चुनाव आयोग की इस जल्दबाजी की आलोचना की है और कहा है कि उसे इस प्रक्रिया के लिए सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन चुनौतियों के फैसले का इंतजार करना चाहिए था।

## निरंकुश अभिव्यक्ति से जुड़े सुप्रीम फैसलों का स्वागत हो

ललित गर्ग

**सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि यदि सोशल मीडिया पर विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगता तो सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिलता है, जो एक अच्छी स्थिति नहीं होगी। आज सोशल मीडिया, समाचार चैनलों और राजनीतिक मंचों पर जिस प्रकार की उग्र भाषा, झूठे आरोप, धार्मिक विद्वेष और भावनात्मक उकसावे देखे जा रहे हैं, वे न केवल समाज को विभाजित कर रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को भी ठेस पहुँचा रहे हैं। यही वजह है कि कोर्ट को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है।**

सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति की सुनवाई करते हुए समय-समय पर जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वहीं एक संतुलित एवं आदर्श राष्ट्र एवं समाज व्यवस्था का आधार भी है। सोशल मीडिया मंचों पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति के चलते उपजी विभाजनकारी एवं विध्वंसकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश की जरूरत बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने आत्म-नियमन, वाणी संयम एवं विचार संयम की जरूरत बतायी है। धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के चलते कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हुई एवं यह याचिका दायर की गई। दरअसल, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति द्वारा दायर इसी याचिका पर विचार करते हुए कहा कि समाज में विद्वेष, घृणा व नफरत फैलाने वाले संदेश समरसता, सौहार्द एवं सद्भावना के भारतीय परिवेश के लिये गंभीर चुनौती बने हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। अदालत का कहना था कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े अनेक मामलों के साथ-साथ ताजा मामले में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझते हुए इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए। आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फ़ेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों एवं टीवी चैनलों पर ऐसी सामग्री परोसी एवं प्रस्तुत की जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी औछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि यदि सोशल मीडिया पर विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगता तो सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिलता है, जो एक अच्छी स्थिति नहीं होगी। आज सोशल मीडिया, समाचार चैनलों और राजनीतिक मंचों पर जिस प्रकार की उग्र भाषा, झूठे आरोप, धार्मिक विद्वेष और भावनात्मक उकसावे देखे जा रहे हैं, वे न केवल समाज को विभाजित कर रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को भी ठेस पहुँचा रहे हैं। यही वजह है कि कोर्ट को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है। दरअसल, अदालत का मानना था कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) नागरिकों को 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' देता है, इसके तहत प्रत्येक नागरिक को विचार, वाणी, लेखन, चित्रण आदि के माध्यम से स्वतंत्र रूप से अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन आज इस अधिकार के दुरुपयोग की घटनाएं जिस प्रकार सामने आ रही हैं, वह चिंता का विषय बन चुकी हैं। इसलिए आज जरूरत है विचार संयम और वाणी संयम की। इसीलिये अनुच्छेद 19(2) इसके कुछ 'उचित प्रतिबंध' भी निर्धारित करता है जैसे भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की सुरक्षा, राज्य की अखंडता, लोक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अश्लील या अनैतिक भाषण, अदालत की अवमानना, मानहानि, अपराध के लिए उकसावा एवं अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों से जुड़ी अराजकता पर प्रतिबंध, इन प्रतिबंधों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वतंत्रता का उपयोग अनुशासन और राष्ट्रीय हितों की मर्यादा में हो। संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत मिली आजादी असीमित कदापि नहीं है। ताजा मामलों में कई राज्यों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के नियमन को लेकर सरकारी कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। कई जगह विचारों की अभिव्यक्ति व कार्टून आदि बनाने को राजनीतिक दुराग्रह बताते हुए लोगों को गिरफ्तार तक किया गया है। जिसे राजनीतिक दलों द्वारा बदले की भावना से की कार्रवाई बताया जाता रहा है। आरोप लगाया जाता रहा है कि सत्तारूढ़ दल की विचारधारा के अनुरूप अमर्यादित एवं अशालीन अभिव्यक्ति के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जाता। लेकिन दूसरे राज्य में अन्य राजनीतिक दल की सरकार में यही अभिव्यक्ति अपराध बन जाती है। कोई नहीं चाहता कि आम नागरिक की अभिव्यक्ति की आजादी को सरकार नियंत्रित करे। सही मायनों में लोगों को समझना चाहिए कि देश की एकता व अखंडता बनाये रखना मौलिक कर्तव्य ही है। अदालत ने इस बाबत सवाल भी किया कि नागरिक स्वयं को संयमित क्यों नहीं कर सकते? राजनीतिक दल, धार्मिक नेता या उग्रवादी कार्यकर्ता क्यों समाज में विषवमन करते हुए विवादास्पद एवं वर्ग-धर्म विशेष के लोगों की भावनाओं को आहत करने वाले कटू एवं कड़वे बयान देते हैं? कोर्ट का मानना था कि लोग तभी अभिव्यक्ति की आजादी का आनन्द ले सकते हैं जब यह संयमित ढंग से व्यक्त की जाए। शीर्ष अदालत की पीठ का मानना था कि नागरिकों के बीच भाईचारा होना चाहिए, तभी समाज में नफरत से मुकाबला किया जा सकता है। तभी हम गंगा-जमुनी सांझा संस्कृति के राष्ट्र एवं समाज का निर्माण कर सकते हैं। आज के दौर में हमें विचार संयम और वाणी संयम को अपनी संस्कृति और लोकतंत्र की आधारशिला बनाना होगा। जैसाकि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि ल्लबोलने से पहले तीन बार सोचो, क्या यह सत्य है? क्या यह आवश्यक है? क्या यह दूसरों को आहत तो नहीं करेगा?ङ्क संविधान हमें अधिकार देता है, लेकिन उसके साथ आत्मानुशासन और समाजहित की अपेक्षा भी करता है। यदि हम इसे समझ लें, तो हमारा लोकतंत्र और अधिक सशक्त और समरस बन सकता है। अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन जब यह सीमा पार करती है तो देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को खतरा उत्पन्न होता है। सुप्रीम कोर्ट बार-बार यह संदेश दे रहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी और मर्यादा जुड़ी है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का भी मानना था कि ल्लयदि आपके शब्द राष्ट्र को प्रेरित करने की बजाय भटकाने लगे, तो वह आजादी नहीं, अराजकता है।ङ्क सोशल मीडिया आज एक ऐसा ही अस्त्र बन गया है जो जरा सी चूक से घातक साबित हो सकता है। वास्तव में हर नागरिक को इतना सचेत व जागरूक होना जरूरी है कि वह विभिन्न स्रोतों से आने वाली सामग्री से जुड़ी मंशा को समझ सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि ल्ललोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मर्यादा टूटे तो वह विरोध नहीं, विघटनकारी गतिविधि बन जाती है।ङ्क ऐसी ही विघटनकारी गतिविधियां सोशल मीडिया पर विनाशकारी स्वरूप लेती जा रही है। यह निर्विवाद सत्य है कि विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों द्वारा सोशल मीडिया मंच का जमकर दुरुपयोग किया जाता रहा है। वहीं लोगों का कसूर यह है कि दल विशेष के एजेंडे वाली सामग्री को वे बिना पढ़े, दूसरे लोगों व समूहों में शेयर कर देते हैं। दरअसल, आम नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि सोशल मीडिया पर उनका संयमित व्यवहार कैसा होना चाहिए? बहुत से लोगों को यह पता नहीं होता है कि सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही सामग्री की कितनी संवेदनशीलता है? कई लोग जाने-अनजाने में ऐसी सामग्री दूसरे व्यक्तियों व समूहों में शेयर कर देते हैं जो राष्ट्र एवं समाज विरोधी हो सकती है। दरअसल, वे उसकी मूल सामग्री को बनाने वाले के छिपे एजेंडे को नहीं भांप पाते। कभी-कभी भावावेश में लोग ऐसे कदम उठा देते हैं। जाहिर है, उच्छृंखल हुए बिना आजादी के उपयोग में ही नागरिक का भी भला है और समाज का भी।

# जनपद में हो रहा मिलावटी खाद्य पदार्थों का धड़ल्ले से व्यापार

- जमौर क्षेत्र में मिलावटी सरसों के तेल की बड़ी फैक्ट्री संचालित
- कई जनपदों में संचालित होता है नकली सरसों का तेल
- बड़े-बड़े सेठिया अधिकारियों पर दबाव बनाकर खुलेआम कर रहे नकली पदार्थो का व्यापार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर में अधिकारियों की सख्त कार्यशैली के बावजूद पूरे जनपद में नकली व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बड़ी बड़ी फैक्ट्रियां बड़े पैमाने पर संचालित हैं।खाने पीने की लगभग सभी वस्तुओं की नकली व मिलावटी खाद्य पदार्थों की संचालित फैक्टियों की जानकारी भी अधिकारियों के पास है लेकिन व्यापारियों के बेवजह भय की वजह से अधिकारी या तो जानबूझकर कार्यवाही नहीं कर रहे या फिर किसी अन्य कारण की वजह से व्यापारी खुलेआम अपने धंधे को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करने में लगे हैं।

आप सभी को ज्ञात होगा कि लगभग डेढ़ माह पूर्व एडीएम अरविंद कुमार सिंह ने जमौर छेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में काफी बड़े क्षेत्रफल में बनी एक फैक्ट्री में छापा मारा था।अधिकारी को मौके पर एक बड़ा टैंकर सरसों के तेल से भरा हुआ खड़ा था।साथ ही बहुत बड़े दो गोदामों के बेसमेंट में तीस हजार लीटर से ज्यादा तेल भरा हुआ था।साथ ही गोदाम के अंदर लगभग 18 अलग अलग ब्रांडो के साठ हजार पीपा सरसों का तेल मौके पर पाया गया था।मौके पर एडीएम ने कहा था कि इतनी बड़ी मात्रा में असली तेल एकत्र होना तो नामुमकिन है और सागर नामक इस फैक्ट्री को सील करने की कार्यवाही शुरू की।लेकिन इसी बीच शाहजहांपुर से एक दर्जन से अधिक व्यापारियों ने मौके पर आकर फैक्ट्री को सील नहीं करने दिया और एडीएम साहब को बिना कार्यवाही के वापिस जाना पड़ा।बाद में मालूम हुआ कि जो व्यापारी मौके पर आकर एडीएम की कार्यवाही में खलल डाले थे उनमें से अधिक व्यापारियों की इसी प्रकार की दर्जनों फैक्ट्रियां हैं।इसके अलावा जनपद में नकली दूध,नकली देशी घी,मिलावटी पनीर और मावा,समेत कई खाद्य पदार्थों की शहर में कई फैक्ट्रियां संचालित हैं।बताया तो ये भी जाता है कि जनपद के कुछ अधिकारियों को इन फैक्ट्रियों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी है लेकिन समय के अभाव में वह कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं।

### सरसों तेल फैक्ट्री के पास नकली रसगुल्ला और मिलावटी देशी घी और मिलावटी नमकीन की फैक्ट्रियां हैं संचालित

शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर के जमौर छेत्र में ही नकली रसगुल्ला,नकली पनीर,नकली मावा,मिलावटी नमकीन सहित और भी कई खाद्य पदार्थों की फैक्ट्रियां संचालित हैं।दिन के उजाले में,खुलेआम इन फैक्ट्रियों में नकली खाद्य पदार्थों में बेहद जहरीला पदार्थ घोलकर बेचा जा रहा है।जिसके खाने से हम सभी के अंदर हर रोज नई नई जानलेवा बीमारिया पनप रही है।जिस स्थान पर सरसों के तेल की फैक्ट्री संचालित है उसके कुछ ही दूरी पर रसगुल्ला,नमकीन,सीमेंट ,पनीर,मावा आदि खाद्य पदार्थों की फैक्ट्रियां संचालित हैं।इन खाद्य पदार्थों से व्यक्ति के लीवर,किडनी,फ़ेफड़ा सब कुछ खराब हो जाता है और धीरे धीरे व्यक्ति की मौत हो जाती है।ऐसा नहीं है कि अधिकारियों को जानकारी नहीं है लेकिन कार्यवाही ना करने के पीछे क्या कारण है ये तो अंधकार में ग्रसित है।

# गैंगरेप कर भाग रहे युवकों की बाइक पलटी, एक पकड़ाया, दूसरा फरार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। थाना सैनी के गुलामीपुर गांव में दिनदहाड़े आये बाइक से दो युवक गुटखा लेने के बहाने एक महिला के घर में घुसकर महिला से गैंगरेप कर धमकी देते हुए बाइक से भाग निकले लेकिन कुछ ही दूर पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बाइक सवार युवकों को पकड़ने का प्रयास किया जिसमें एक युवक मौके से फरार हो गया जबकि एक युवक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। उक्त संबंध में एएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सैनी कोतवाली क्षेत्र में एक महिला दुकानदार से गुटखा लेने के बहाने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म कर बाइक सवार युवक भागने लगे तो उनकी बाइक अनियंत्रित हो गयी जिसमें एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया वही एक युवक मौके से फरार हो गया। मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है



तथा महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय बालक बालिका वर्ग की खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 जुलाई से 25 जुलाई तक

कौशाम्बी। खेल निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के तत्वाधान में जिला स्तरीय जूनियर बालक बालिका वर्ग की हाकी व बैडमिंटन व क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का प्रवाह निःशुल्क रहेगा। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीमों व खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा मानक के अनुरूप आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। उक्त जानकारी उप क्रीड़ाधिकारी अजय प्रताप साहू ने देते हुए बताया कि बालक वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21 जुलाई से 23 जुलाई तक,बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 24 जुलाई को, तथा बालिका वर्ग की हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 जुलाई को किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जनपद के इच्छुक खिलाड़ी/टीमों को अपने साथ आधार कार्ड, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र सहित अपनी प्रविष्टि जिला खेल कार्यालय, कौशाम्बी में दिनांक 21 जुलाई को सुबह ई10 बजे प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता/उप विजेता टीमों एवं खिलाडियों को खेल विभाग द्वारा मानक के अनुरूप आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। विस्तुत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर जिला खेल कार्यालय, कौशाम्बी के मो0 नं0-8004166565 एवं 7392929413 से संपर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

### बांगरमऊ विद्युत उपकेंद्र पर 17 से 19 जुलाई तक लगेगा तीन दिवसीय विद्युत बिल सुधार मेगा कैंप

बांगरमऊ(उन्नाव)। नगर के बाईपास मार्ग तिराहा स्थित विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय विद्युत बिल सुधार मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। अधिशासी अभियंता राजनाथ यादव ने जानकारी दी कि यह कैंप 17, 18 और 19 जुलाई को लगातार तीन दिनों तक चलेगा। इस कैंप में उपभोक्ता अपने विद्युत बिलों में हुई त्रुटियों को मौके पर ही ठीक करा सकेंगे। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से तत्काल शिकायत दर्ज कर समाधान कराया जाएगा। बिलों में सुधार के बाद उपभोक्ता मौके पर ही भुगतान भी कर सकेंगे। अधिशासी अभियंता श्री यादव ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं और समय से बिल सुधार एवं भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### मानसिक रूप से दिव्यांग बेटे संग आर्थिक तंगी से त्रस्त पिता ने गंगा में लगाई छलांग, श्रद्धालुओं और गोताखोरों की सतर्कता से बची जान

शुक्लागंज(उन्नाव)। कल्याणी मोहल्ले में रहने वाले एक बुजुर्ग पिता ने अपनी पारिवारिक और आर्थिक परेशानियों से तंग आकर बुधवार को अपने मानसिक रूप से दिव्यांग बेटे संग गंगा में छलांग लगा दी। बालूघाट स्थित नमामि गंगे घाट पर हुई इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। करीब 12 बजे बृजकिशोर अस्थाना अपने 40 वर्षीय दिव्यांग पुत्र शोभित के साथ घाट पहुंचे और कुछ देर रुकने के बाद अचानक नदी में कूद गए। वहां स्नान कर रहे श्रद्धालुओं ने जैसे ही दोनों को डूबते देखा, तुरंत शोर मचाया। घाट पर मौजूद गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बृजकिशोर अस्थाना पूर्व में सीतापुर की चीनी मिल से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनकी पत्नी की मृत्यु वर्ष 2020 में हो चुकी है। बड़े बेटे से कोई सहयोग न मिलने और छोटे बेटे की देखभाल की चिंता ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया था। पुलिस ने उन्हें कोतवाली ले जाकर समझाया और आर्थिक मदद भी दी। कोतवाली प्रभारी ने घटना की जानकारी उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी को दी और प्रशासन द्वारा सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

### नगर पंचायत की भूमि को बेचने का मामला उजागर

नवाबगंज(उन्नाव)। कस्बे में नगर पंचायत की जमीन को एक व्यक्ति द्वारा निजी बता कर बेचने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में पीड़ित संजय विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में संजय विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपी ने तहसील हसनगंज के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से नगर पंचायत की लगभग 450 वर्ग फुट भूमि उन्हें बेच दी। इस ज़मीन पर आरोपी पहले से ही अवैध रूप से मकान बनाकर रह रहा था। संजय ने बताया कि जब वह बैनामा (पंजीकृत बिक्री पत्र) लेकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे, तब उन्हें असलियत का पता चला। जब उन्होंने आरोपी से इस धोखाधड़ी पर आपत्ति जताई तो उसने राशि लौटाने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने ज़मीन के लिए कुल 12 लाख रुपये दिए थे – 6 लाख रुपये आरटीजीएस (बैंक अंतरण) से, 4.5 लाख रुपये नकद और 1.5 लाख रुपये चेक से। अब आरोप है कि आरोपी विदेश भागने की फिराक में है।

# सदर विधायक पंकज गुप्ता के उत्तम स्वास्थ्य के लिए किया हवन

- उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने करवाया हवन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। सदर विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय सदर विधायक पंकज गुप्ता के जन्मदिन के शुभवसर पर माँ अन्नपूर्णा देवी धाम मंदिर लखनऊ कानपुर बाईपास पर उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ बाबा शिव का रुद्रा अभिषेक एवं हवन का आयोजन करवाया अमित मिश्रा ने बताया उन्नाव जनपद के विकास एवं जन जन को को सरकार की योजनाओं से लाभ दिलाने में अग्रसर रहने वाले जनपद के जनप्रिय सदर विधायक पंकज गुप्ता के जन्मदिन के शुभ मौके पर यह आयोजन किया गया हैं उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के



पदाधिकारियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु हेतु ईश्वर से प्रार्थना करी इस मौके पर संगठन के महामंत्री विशाल गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ अमबर राजपूत, उपाध्यक्ष प्रथम श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, अखिलेश कुमार शर्मा, मंत्री मनीष गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनुज दीक्षित, मंत्री प्रांजुल गुप्ता,सदस्य शरद श्रीवास्तव सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# 15 साल बाद शुरू हुई डलमऊ-बी पम्प कैनाल परियोजना

- उन्नाव और रायबरेली के 40 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ, खेतों तक पहुंचेगा भरपूर पानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। वर्षों से अधूरी पड़ी डलमऊ-बी पम्प कैनाल परियोजना अब किसानों के लिए वरदान बनने जा रही है। करीब 15 साल से लंबित इस महत्वाकांक्षी सिंचाई योजना की आखिरकार शुरुआत हो गई है। सरकार की प्राथमिकता और विभागीय प्रयासों के चलते 76 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुई इस परियोजना से उन्नाव और रायबरेली जिले के 40 हजार से ज्यादा किसानों को राहत मिलेगी। इस योजना के तहत प्रतिदिन 300 क्यूसिक पानी छोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर खेतों को समय पर और भरपूर सिंचाई मिल सकेगी। इससे किसानों की फसलों की पैदावार बढ़ेगी और आमदनी में भी इजाफा होगा। अब तक जो किसान केवल बारिश या बोरिंग के भरोसे खेती करते थे, उन्हें अब नहर के माध्यम से नियमित पानी उपलब्ध होगा। सालों से जिस योजना को लेकर केवल आश्वासन मिलते रहे, वह अब धरातल पर उतर चुकी है। किसान संगठनों और ग्रामीणों में इसको लेकर उत्साह का माहौल है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही पम्प हाउस की सभी इकाइयां पूरी क्षमता से काम करेंगी, जिससे पानी की आपूर्ति और भी सुदृढ़ होगी। विशेषज्ञों की मानें तो यह परियोजना इस क्षेत्र की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने जा रही है।

### 300 क्यूसिक पानी से सिंचाई को मिलेगी रफ्तार

डलमऊ पम्प कैनाल से अब रोजाना करीब 300 क्यूसिक पानी छोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर खेतों की सिंचाई संभव हो सकेगी। यह परियोजना करीब 15 वर्षों से अधर में लटकी हुई थी, लेकिन अब सरकार की प्राथमिकता में आने के बाद इसे धरातल पर उतार दिया गया है।

> डलमऊ-बी पम्प कैनाल परियोजना को लेकर अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) गगन शुक्ला ने बताया कि प्रतिदिन 300 क्यूसिक पानी छोड़े जाने से उन्नाव और रायबरेली के 40 हजार किसानों को सीधा फायदा होगा। यह योजना काफी समय से अटकी थी, लेकिन सरकार की प्राथमिकता और विभाग की मेहनत से अब यह सपना साकार हुआ है।
>
> **अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) गगन शुक्ला**

### खेती को मिलेगा संजीवनी, बढ़ेगी आमदनी

परियोजना से न केवल फसलों की उत्पादकता में इजाफा होगा बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा। ग्रामीण इलाकों में इसको लेकर जबरदस्त उत्साह है। किसान संगठनों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

### जल्द पूरी क्षमता पर होगा संचालन

जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही पम्प हाउस की सभी इकाइयों को पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाएगा। इससे पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी और किसान समय पर फसलों की सिंचाई कर सकेंगे।

### अब नहर से समय पर सिंचाई संभव

इस परियोजना से कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। अब तक बारिश और भूमिगत जल पर निर्भर किसान, नहर के माध्यम से समय पर और नियंत्रित सिंचाई कर पाएंगे। इसका सीधा असर रबी और खरीफ दोनों सीजन की फसलों पर पड़ेगा।

# पारिवारिक कलह से क्षुब्ध युवक ने की आत्महत्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बिछिया(उन्नाव)। दही थाना क्षेत्र तारगांव मजरे मानदाता खेड़ा गांव से बुधवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना सामने आई। जिसमे पारिवारिक कलह से आहत होकर गांव के एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अनिल (उम्र लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अपने परिवार का इकलौता बेटा था। अनिल ने घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक पेड़ पर साड़ी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

घटना की जानकारी होते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सबसे अधिक टूटकर बिखरी उसकी मां सावित्री देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मां की आंखों में बेटे के खोने का दुख साफ झलक रहा था, वहीं अन्य परिवारीजन भी स्तब्ध हैं। मृतक अनिल के पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, ऐसे में वह परिवार की एकमात्र उम्मीद था। गांव वालों के अनुसार, अनिल पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था और शराब की लत ने उसे पूरी तरह तोड़ दिया था। वह अक्सर घरेलू विवादों में उलझा रहता था, जिससे उसके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ गया था। घटना की सूचना मिलते ही दही थाना प्रभारी संजीव कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भर विधिक कार्यवाही शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दुखद घटना ने एक बार फिर पारिवारिक तनाव और नशे की लत जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों को उजागर कर दिया है। अनिल की असमय मौत ने न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। गांव में हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि अगर समय रहते उसे कोई सही मार्गदर्शन और सहारा मिला होता, तो शायद आज वह जिंदा होता। पुलिस ने ग्रामीणों से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी या घरेलू तनाव की स्थिति में तुरंत परामर्श लें, ताकि भविष्य में ऐसी हृदयविदारक घटनाओं से बचा जा सके।

# डिवाइडर तोड़ दूसरी दिशा में घुसा वाहन, नवाबगंज सीएचसी में हुई मौत

नवाबगंज। कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव के पास हरियाणा नंबर का एक भारी वाहन (कंटेनर) अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए विपरीत दिशा में जा घुसा। इस हादसे में लखनऊ के खाला बाजार निवासी चांद नामक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान अनीस के पुत्र चांद के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस रिस्पांस वाहन को दी, जिसकी मदद से घायल युवक को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कंटेनर अत्यधिक तेज गति में था और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कंटेनर को जब्त कर लिया गया है। चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की गति सीमित करने के लिए प्रभावी उपायों की मांग की है।

# उर्वरक दुकानों पर छापेमारी, तीन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। प्रमुख सचिव (कृषि) के आदेश पर मंगलवार को जिले भर में उर्वरक दुकानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित तीन टीमों ने अलग-अलग तहसीलों में 65 दुकानों की जांच की, जिसमें कई खामियां पाई गईं।

इस अभियान में पुरवा व बीघापुर तहसील में निरीक्षण कार्य का नेतृत्व उप कृषि निदेशक रविचंद्र प्रकाश एवं संबंधित उप जिलाधिकारी ने किया। बांगरमऊ और हसनगंज में जिला कृषि अधिकारी शशांक के नेतृत्व में कार्रवाई हुई, जबकि सदर और सफीपुर में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक अनुराग कुमार की टीम सक्रिय रही। छापेमारी के दौरान 16 नमूने संदिग्ध पाए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसके अलावा तीन दुकानों चौरसिया खाद भंडार मटुकरी, श्री वैष्णो कीटनाशक एवं खाद बीज भंडार ब्योली इस्लामाबाद तथा शुक्ला पेस्टिसाइड एंड खाद भंडार ब्योली इस्लामाबाद के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। मौके पर प्रतिष्ठान बंद पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने दुकानदारों को खतौनी के आधार पर पीओएस मशीन से बिक्री, रेट बोर्ड, स्टॉक पंजी, कैश मेमो, और वितरण रजिस्टर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अनियमितता मिलने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अशोक नगर की बदतर सड़क से निकलने को मजबूर राहगीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बबेरू/बांदा। बबेरू ग्रामीण के तिन्दवारी रोड नहर पटरी अशोक नगर की सड़कों बरसात होने पर बदतर हो गई है। कच्चे रास्तों पर पानी भरने से दलदल जैसी स्थिति बन गई है, जिससे कस्बे निवासियो को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों को स्कूल जाने ने बहुत दिक्कते होती है ग्रामीण ने बताया कि प इलाके में बदहाल रास्तों के चलते लोग बेहद परेशान हैं। स्कूली बच्चों को रोजाना कीचड़ और गंदगी भरे रास्तों से होकर स्कूल जाना पड़ता है, जिससे गिरने से आये दिन घटनाएं भी हो रही हैं। ग्रामीण किशन मौर्य, प्रकाश वर्मा विपिन चन्द्र, शोयब खान, राम खेलावन ,सन्तोष ,राजेन्द्र ,ओम प्रकाश ,रजनीश सदाशिव, बउवा गुप्ता नेबताया कि कई बार उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायत्र पत्र दे चुके है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शीघ्र ही सड़क को तत्काल दुरुस्त कराए जाने की मांग किया है।

# एएसपी ने पुलिस पेंशनर्स के साथ की मीटिंग

बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग की गई । मीटिंग में पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुन उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । बैठक में पुलिस पेंशनर्स को वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही सवेरा योजना तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई । सवेरा योजना वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही एक विशिष्ट योजना है जिसके अन्तर्गत पंजीकृत सभी वरिष्ठ नागरिकों किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है । बैठक के दौरान सभी को साइबर अपराध के तरीकों तथा उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि तुरंत इसकी शिकायत 1930 या स्थानीय थाने पर दर्ज कराएं । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा ने पुलिस पेंशनर्स से अपील कि वे सभी नौकरी से रिटायर हुए हैं सेवा से नहीं, आज भी कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाएं रखने तथा अपराधों पर कार्यवाही करने में उनके अहम योगदान कि आवश्यकता है ।

# पीएयूपी के तत्वाधान में एक दिवसीय वीडियो व फोटोग्राफी लाइव वर्कशाप का हुआ आयोजन

- आधा सैकड़ा से अधिक फोटोग्राफरों ने सीखे लाइव माडल वीडियो,फोटोग्राफी के हुनर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। बुधवार को फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में फोटोग्राफर एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश बांदा इकाई के सौजन्य से अवस्थी पार्क में वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी विधा से जुड़ा हुआ एक दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश बांदा द्वारा प्रत्येक माह की 15 और 30 तारीख को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जिसमें बांदा जनपद के समस्त फोटोग्राफर अपने हुनर को निखार सकते हैं

आज की वर्कशॉप में बांदा के बहुत ही वरिष्ठ, योग्य एवं अनुभवी फोटोग्राफर एवं मेंटर श्री दया शंकर चौहान की उपस्थिति में अपने साथियों के साथ अपने अपने कैमरों सहित लाइव डेमो,वेडिंग फोटोग्राफी कैंडिडेट शूट,प्री वैडिंग शूट आदि को किस प्रकार शूट किया जाता है इन सब के बारे में फोटोग्राफरों को तकनीकी एक्सपर्ट के द्वारा कैमरों के साथ जानकारी दी गई सभी फोटोग्राफरों ने अपने इंस्ट्रूमेंट के माध्यम से फोटो एवं वीडियोग्राफी कर जहां भी उनका कलर कलेक्शन,स्पीड, अपर्चर में समस्या उत्पन्न हुई। उनको जानकारी दी गई ताकि हुए अपने फोटोग्राफी के द्वारा अच्छे से अच्छा विजुअल निकाल कर अपने बिजनेस अपने कार्य को आगे बढ़ाएं। लो लाइट,ओवर लाइट की कमियों के बारे में कैमरों में मौजूद सेटिंग्स के बारे में अवगत कराया गया ताकि उन्हें कार्य करते समय किसी भी प्रकार के परेशानी का सामना न करना पड़े। फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष/मंडल प्रभारी सुनील सक्सेना जी ने अवगत कराया की यह कार्यक्रम हर माह मा की 15 एवं 30 तारीख को करने का नियम बनाया गया है प्रत्येक माह निः शुल्क दो दिवसीय फोटोग्राफी सीखने की कला का आयोजन किया जाएगा जो भी फोटोग्राफर साथी इस वर्कशॉप में जुड़ना चाहते हो वह निःशुल्क ग्रुपों में,मोबाइल नंबरों पर वेबसाइट पर संगठन के व्हाट्सएप ग्रुप में अपना नंबर डालकर संपर्क कर सकते हैं। उक्त फोटोग्राफी कार्यशाला में सीनियर फोटोग्राफर संरक्षक दया शंकर चौहान, (जिलाध्यक्ष/मंडल प्रभारी) सुनील सक्सेना ,राजेश निषाद (महामंत्री) अमृतलाल गुप्ता(सचिव) राजेश कुमार गुप्ता(उपाध्यक्ष)

राधेश्याम साहू(कोषाध्यक्ष),धीरेन्द्र कुमार गुप्ता(मीडियाप्रभारी) मयंक तिवारी (सांस्कृतिक मंत्री), वरिष्ठ फोटोग्राफर रंजीत गुप्त,रहमान खान,बद्री विशाल गौतम,विशाल रैकवार,राजा अंजार,अजहर,अखिलेश गुप्ता, दिलीप कुट्टू,बिंदा प्रसाद (बाबा), गौरव सक्सेना,मोहित साहू,रितिक साहू,रवि अवस्थी, अनिल गुप्ता, पप्पू इशिका,शुभम,पवन ,फरहान खान, दानिश, फैसल,महेश गुप्ता,ब्यूटीशियन निकिता आहूजा,माडल महक सोनी, मॉडल पल्लवी ठाकुर,पुष्पेन्द्र गुप्ता,आदित्य ,सतीश आदि सम्मानित फोटोग्राफर उपस्थित रहे।

# केन जल आरती में श्रद्धालुओं में दिखा उल्लास

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। मंगलवार को भूरागढ़ क्षेत्र के केन नदी घाट पर भव्य केन जल महा आरती कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी दी है कि सावन के मौसम में तथा केन मां की बहती जलधारा देखकर श्रद्धालुओं का मन प्रसन्न हो गया। हालांकि बांधे जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो पाई और किसी को बाढ़ का सामना नहीं करना पड़ रहा है हालांकि जिला प्रशासन ने पहले ही इसकी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कर रखी हैं। समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने कहा कि नदी का जलस्तर फिर से उफान पर है जो देखने में अत्यंत ही सुखद महसूस होता है। उन्होंने कहा कि केन मां की जलधारा सदैव ऐसे ही निरंतर बहती रहे और हम सबका कल्याण और अपने जल से हम सबको सिंचित करती रहे।

# खाद की कमी से परेशान नहीं होगा जिले का कोई भी किसान : सूर्य प्रताप शाही

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। यूपी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बुधवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लखीमपुर पहुंचे, जहां उन्होंने एलआरपी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता की। इस दौरान जिले में किसानों को यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर उठे सवालों का जवाब भी दिया। यूरिया की कमी पर पूछे गए सवालों के जवाब में मंत्री जी ने कहा कि जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है और किसानों को जल्द ही राहत मिलेगी। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है कि वह पूरे मामले पर अपनी नजर बनाए रखें और कालाबाजारी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करें।

प्रेसवार्ता के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कहा कि 15 जुलाई को गोल (गोला) में रैक द्वारा 2669.580 कुंतल यूरिया खाद की आपूर्ति हो चुकी है। यह खाद वितरण की प्रक्रिया में है और जल्द ही सभी बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर है और कोई भी किसान खाद की कमी से परेशान नहीं होगा। यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि प्रशासन इस पर निगरानी बनाए हुए हैं और यदि कहीं से भी कालाबाज़ारी की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कृषि मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र मझरा का किया दौरा

लखीमपुर खीरी। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, मझरा पहुंचे। उन्होंने इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों से संवाद किया और वैज्ञानिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। किसानों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि केवल गन्ने पर आधारित खेती से किसान को दीर्घकालिक लाभ नहीं मिल सकता। उन्होंने किसानों से दलहनी, तिलहनी और मक्का जैसी फसलों की ओर रुख करने की बात कही। मंत्री ने वैज्ञानिकों द्वारा सुझाई गई उर्वरक की मात्रा और समयबद्ध प्रयोग को जरूरी बताया। कृषि मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां उन्हें गन्ने की 25 प्रजातियां दिखाई गईं। इसके अलावा उन्होंने श्री अन्न उत्पादन और केंद्र में विकसित अन्य कृषि तकनीकों की भी जानकारी ली। कृषि मंत्री ने क्रभको उर्वरक वितरण केंद्र और वर्मा इंटरप्राइजेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच की गई और किसानों से फीडबैक लिया गया। मंत्री ने किसानों को संतुलित मात्रा में खाद के प्रयोग की सलाह दी और अनावश्यक भंडारण से बचने की चेतावनी भी दी। कृषि मंत्री ने कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद का निरीक्षण किया और छात्रों व किसानों से संवाद किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर का गहन भ्रमण कर शिक्षण व्यवस्था, शोध प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कृषि प्रक्षेत्र व छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कृषि मंत्री ने राजकीय कृषि बीज संवर्द्धन प्रक्षेत्र, जमुनाबाद पर नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण किया और सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना के अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना हेतु लाभार्थी कृषक उत्पादक संगठन को 80 फीसदी अनुदान पर अनुमन्य ट्रैक्टर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इसके अलावा उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# क्षेत्र भ्रमण एवं जनता दरबार लगाकर सांसद ने सुनी समस्याएं



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। लोकसभा खीरी क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के यशस्वी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने गोला के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मंगलवार को होने वाले जनता दरबार में कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस की समस्याओं को सुना।

आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधितों को दिशा निर्देश जारी किये। बृजस्वरूप उर्फ बीटू पटेल, अशोक वर्मा, फूलचंद यादव, रोहित वर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे। फिर खुटार रोड पर नंगापुर के निवासी महेंद्र वर्मा के अंतिम संस्कार में मुक्तिधाम पर शामिल हुए।

इसके बाद गोला के श्याम राजपूत, राम मोहन सोनी, सलीम अंसारी, इरशाद, आरिफ, दिलशाद खान के यहां पहुंचकर कुशल क्षेम जाना। ततपश्चात रामपुर जंगल, हंडेला फॉर्म, कोरैया, मूड़ा भाई समेत एक दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचकर जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से रूबरू हुए और समस्याएं सुनी। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लोकसभा का सत्र शुरू होने पर उठाएंगे।बताया कि सरकार की विकास योजनाएं छलावा साबित हो रही हैं। आमजनमानस समाजवादी पार्टी की तरफ आकर्षित है शोषित, पीड़ित, वंचित, किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र सभी का हित समाजवादी पार्टी में ही सुरक्षित है।

वह जनता की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेलवा प्रधान श्याम देव, राम अवतार, फूलचंद यादव, जिप सदस्य शिवनन्दन वर्मा, सरदार विचित्र सिंह, इकबाल, इरशाद, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# साईं मैरिज लान में सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। गोला को छोटी काशी भी कहा जाता है, में नई बाईपास रोड स्थित साईं मैरिज लान में सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस कथा के पहले दिन कथावाचक संजीवनी मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया। कथावाचक संजीवनी मिश्रा के आगमन पर फूल मालाओं और डोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया गया। लखीमपुर रोड पर गोला नगर में प्रवेश के दौरान आयोजकों और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। आयोजकों में समाजसेवी और व्यापारी नेता पटेल अशोक कनौजिया और जिला पंचायत सदस्या शिखा कनौजिया प्रमुख थे।

आयोजकों की सूची में पटेल अशोक कनौजिया, जिला पंचायत सदस्या शिखा कनौजिया, पटेल सुशील वर्मा, सतीश वर्मा, पंकज वर्मा, डॉक्टर मनोज वर्मा, डॉक्टर सानू, रामसेवक वर्मा, प्रदीप वर्मा, शिवांगी वर्मा, नवीन वर्मा, रामकुमार, जनार्दन मौर्य, मीनाक्षी मौर्य, नन्ही देवी, सुमन सुशील समेत दर्जनों लोग शामिल थे। कथावाचक संजीवनी मिश्रा ने अपने मुखारविंद से धुंधकारी के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कथा प्रेमी मौजूद रहे और कथावाचक की वाणी से निकले शब्दों को ध्यान से सुना। श्रीमद् भागवत कथा एक पवित्र और महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसमें भगवान श्री कृष्ण की कथा और शिक्षाओं का वर्णन किया जाता है। इस कथा के माध्यम से लोगों को धार्मिक और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाती है और उनकी आत्मा को शांति और संतुष्टि प्राप्त होती है।

## कार ने मारी ई-रिक्शा को मारी जोरदार टक्कर, चार घायल



गोला गोकर्णनाथ खीरी। मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के एन एच 24 पर स्थिति ग्राम लिधिपाई के पास एक सड़क दुर्घटना की खबर है, जिसमें एक कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान राजकिशोर (70), काजल (24), जय देवी (52), और सरस्वती (73) के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। एंबुलेंस के ईएमटी रविंद्र कुमार ने घायलों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया और उनकी जान बचाने में मदद की। सभी घायलों को सीएचसी महोली सीतापुर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, लेकिन समय पर इलाज मिलने से घायलों की जान बच गई।

# राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष ने कुशविंदर सिंह चौहान को सौंपी नई जिम्मेदारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष राकेश कनौजिया ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कुशविंदर सिंह चौहान को जिला संयुक्त मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। कुशविंदर सिंह चौहान गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम अयोध्यापुर के निवासी हैं। जिलाध्यक्ष राकेश कनौजिया ने कुशविंदर सिंह चौहान को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस पद का दुरुपयोग नहीं करेंगे और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि कुशविंदर सिंह चौहान हिंदुओं को सही राह दिखाएंगे और संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने में योगदान करेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे कुशविंदर सिंह चौहान से आशा करते हैं कि वे राष्ट्रीय बजरंग दल को अपना परिवार समझेंगे और हर समय संगठन के साथ खड़े रहेंगे। कुशविंदर सिंह चौहान ने इस मनोनयन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय बजरंग दल को अपना परिवार समझते हैं और इस परिवार के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने में अपना योगदान देंगे और हिंदुओं के हितों की रक्षा करेंगे। कुशविंदर सिंह चौहान को जिला संयुक्त मंत्री के पद पर मनोनीत किए जाने से संगठन को एक नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। इस पद पर रहते हुए वे संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने और हिंदुओं के हितों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की संदिग्ध मौत पत्नी पर और प्रेमी के साथ मिलकर घटना को दिया अंजाम

लखीमपुर खीरी। मझगई थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद सनसनी फैल गई है. मृतक की पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया गया है. परिजनों का कहना है कि पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। मृतक ललित कुमार की तीन बहनों रीति देवी, पूजा देवी और आरती देवी समेत अन्य परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है. इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि ललित की पत्नी निशा के अवैध संबंध थे और उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ललित की हत्या की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 7 बजे ललित कुमार को कस्बे में चौराहे की ओर टहलते हुए देखा गया था. इसके कुछ ही समय बाद उसकी मौत की खबर सामने आई. शुरुआत में पत्नी निशा ने ललित की मौत का कारण बीमारी बताया, लेकिन परिजनों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि यह एक सुनियोजित हत्या है.। सीओ पलिया यादवेंद्र यादव ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और तहरीर में लगाए गए आरोपों की गहनता से जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी. पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

### हैदराबाद पुलिस ने 5 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अजान खीरी। हैदराबाद पुलिस ने 5 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें मोती पुत्र देवी, सुरेशचन्द्र पुत्र गयादीन, लखपति पुत्र भगवानदीन, किशन पुत्र भारत प्रसाद और सोबरन पुत्र सुन्दर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक सन्तपाल सिंह राठौर, अशोक कुमार सिंह, हेमन्त कटियार, महिला उप निरीक्षक महादेवी, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल आकाश यादव, महेश कुमार शामिल थे।

### 55 वर्षीय नन्हेंलाल को दबंगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी

अजान खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां कस्बा सिकंदराबाद से दवा लेकर लौट रहे 55 वर्षीय नन्हे लाल की दबंगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के अनुसार, पहले गांव में मनीराम के घर से गोला से आने वाले दो युवकों ने मृतक के पुत्र की गांव में पिटाई की थी। इसके बाद नन्हे लाल अपने साथियों के साथ सिकंदराबाद से दवा लेकर वापस आ रहे थे, तभी रास्ते में भुलायाखेड़ा और बरगदिया के बीच हमलावरों ने उन्हें रोक लिया और बेल्ट और डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई की। इस हमले में नन्हे लाल की नाक पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। परिवार के पास वाहन की व्यवस्था न होने के कारण उन्हें समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सका, जिससे रात के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई। हमलावरों ने उनके साथी करन और प्रमोद को भी पीटा, जिसमें करन के दाहिने हाथ में चोटें आई हैं। नीमगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृत्यु के कारणों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीमगांव आलोक धीमान ने बताया कि मामला प्रथम दृष्ट्या संदिग्ध लग रहा है और मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर पता चलेगी।

### शराबी स्विपट डिजायर कार चालक ने दो बाइकों में मारी टक्कर, कई घायल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना मैलानी क्षेत्र की पुलिस चौकी कुकरा में मोहर्रम मेले के दौरान बड़ा सड़क हादसा हुआ। एक शराबी चालक ने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से दो बाइकों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज गोला के सनशाइन हॉस्पिटल और अन्य अस्पतालों में चल रहा है।हादसा 7 जुलाई 2025 की रात को हुआ था। चालक धीरज कुमार यादव और उसके साथी विजय कुमार मौर्या ने नशे की हालत में गाड़ी चलाई और दो बाइकों को टक्कर मार दी। पहली घटना ग्राम लौकिया के स्कूल के पास हुई, जिसमें समीउद्दीन, तसलीम और रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना में मुहम्मद आमीन भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बादी मुकदमा इमामुद्दीन ने बताया कि वारदात में प्रयुक्त वाहन पर पत्रकार प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया का जिला अध्यक्ष और डॉक्टर का स्टीकर भी चस्पा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और गाड़ी को बरामद कर लिया है, लेकिन आरोपी धीरज कुमार यादव और विजय कुमार मौर्या अभी भी फरार हैं। मैलानी इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार मौर्या ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### रेडीमेड कपड़ों की दुकान में चोरी की वारदात की 12 दिन के बाद भी पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

अजान खीरी। हैदराबाद थाना की अजान चौकी क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में स्थित एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में 3 जुलाई की रात चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोरों ने दुकान का शटर खोलकर करीब 90 हजार रुपये के रेडीमेड कपड़े और 5 हजार रुपये नगदी चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदार विशाल वर्मा ने बताया कि उन्होंने 3 जुलाई की शाम दुकान बंद कर दी थी और रात के किसी समय अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला खोलकर भीतर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। 4 जुलाई की सुबह जब विशाल वर्मा दुकान पहुंचे तो शटर पर लगा ताला खुला हुआ था और सारा सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने तुरंत अजान चौकी पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि चोरों ने साड़ियाँ, टी-शर्ट, अंडरवियर-बनियान और अन्य कीमती रेडीमेड कपड़े चोरी किए हैं। उन्होंने बताया कि चोरी गए सामान की कीमत करीब 90 हजार रुपये है और इसके अलावा 5 हजार रुपये नगदी भी चोरी हुई है। 12 दिन बीत जाने के बाद भी अजान चौकी पुलिस इस चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है, जिससे दुकानदारों में पुलिस के प्रति भरोसा कम होने लगा है। दुकानदारों का कहना है कि पुलिस को जल्द से जल्द इस मामले का खुलासा करना चाहिए और चोरों को पकड़ना चाहिए। अजान चौकी पुलिस ने पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

# नकली खाद दवाई व यूरिया की कालाबाजारी के सम्बन्ध में कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी को क्षेत्र भ्रमण के दौरान तहसील गोला आगमन पर किसान नेता कुलवंत सिंह ने मुलाकात कर किसान स्मृति चिन्ह भेट करने के साथ खीरी जिले में बिक रही नकली खाद, दवाइयों और यूरिया की कालाबाजारी के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि खीरी जिले में नकली खाद और यूरिया की कालाबाजारी एक बड़ी समस्या बन गई है, जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने मंत्री जी से इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई करने का अनुरोध किया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने ज्ञापन मिलने के बाद इस मुद्दे पर ठोस निर्णय लेकर दोषियों को बक्सा नहीं जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि नकली खाद और यूरिया की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी। मंत्री के आश्वासन के बाद जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि वे मंत्री जी के निर्णय का स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही इस मुद्दे पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अन्य किसान नेता और अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। जनपद के किसानो की महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान कराए जाने को लेकर नगर क्षेत्र के भ्रमण पर आए प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा ज्ञापन दिया गया। दिए गए ज्ञापन में बजाज ग्रुप की गोला बलिया खंभार खेड़ा चीनी मिलों द्वारा कई वर्षों से समय से गन्ना भुगतान न होने के कारण गन्ना किसान कर्ज में चला गया है। शारदा नदी के किनारे बसे गांव नदी में समाहित होते जा रहे हैं कात्यान रोकने का कोई उपाय नहीं किया जाता। आवारा पशुओं सेबी किसान परेशान है नहीं और गौशालाओं के खोले जाने की आवश्यकता बताई गई और यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में दिलाए जाने की मांग है। फसलों का उचित उचित दाम एवं गन्ना बकाया भुगतान न मिलने किसान कर्ज के दलदल में चला गया है किसानों को कर्ज मुक्ति किया जाना आवश्यक है।

# नगर में बेलपत्र पौधे लगाए जाने को लेकर पालिका अध्यक्ष को दिया गया ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर में बेलपत्र की पवित्र सावन माह में आवश्यकता अधिक और उपलब्धता कम होने को लेकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में अन्य वृक्ष के स्थान पर एवं मुक्तिधाम मार्ग पर बेलपत्र के वृक्ष लगाए जाने की नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला को ज्ञापन देकर सामाजिक कार्यकर्ता महेश पटवारी द्वारा मांग की गई है। दिए गए ज्ञापन में लिखा गया है की नगर में बेलपत्र के पेड़ नाम मात्र होने के कारण सावन माह में शिव जी को चढ़ाने के लिए बेलपत्र कम मिल रहे हैं साफ सुथरे और अच्छे नहीं मिल रहे हैं यदि बेलपत्र के पेड़ नहीं रहे तो आगामी वर्षों में सावन माह में शिव जी की पूजा कैसे होगी। साथ ही धर्म ग्रंथो में ऐसी मान्यता है कि यदि कोई शव यात्रा बेलपत्र के पेड़ के नीचे से गुजरे तो मृत आत्मा को मोक्ष मिलता है इसीलिए मुक्तिधाम मार्ग के पश्चिम- उत्तर और दक्षिण तीनों दिशाओं में बेल के कुछ पौधे अवश्य लगाए जाएं जिससे मृत आत्मा को शांति और मोक्ष प्राप्त हो द्य साथ ही बेल पत्रों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी अवश्य लगाया जाए। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही मुक्तिधाम मार्ग पर बेलपत्र के पौधे लगाए जाएंगे साथ ही उन्होंने नगर वासियों से बेल पत्रों के पौधों की सुरक्षा करने का आग्रह भी किया है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश पटवारी 16 वर्षों से नगर में बेलपत्र पौधे लगाने का अभियान चला रहे हैं।

# पेयजल समस्या के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- एसडीएम को ज्ञापन सौंप की समस्या समाधान की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। शहर कंग्रेस जनों ने आज पानी, बिजली की समस्या को लेकर जिलाधिकारी बाँदा को ज्ञापन दिया तथा शीघ्र इन समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई। शहर अध्यक्ष अफसाना ने बताया कि शहर में प्रदूषित पानी की सप्लाई हो रही है। पानी की शुद्धता के लिए फिटकरी ब्लीचिंग आदि का उपयोग होता है या नहीं। बहरहाल बलखण्डीनाका, छावनी, मर्दननाका आदि मोहल्लावासी प्रदूषित जलापूर्ति से परेशान हैं। ज्ञापन में बताया गया कि पानी की पाइप लाइनो में लीकेज के चलते गन्दी नालियों का पानी भी मिक्स होकर लोगों के घरों में पहुँच रहा है। बाँदा शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं उसमें रिश्वतखोरी चरम पर है। रूपयों की वसूली भी की जा रही है। तार नए नहीं बदले जा रहे हैं, शहर की रोड लाइटें गरीबों की बस्तियो की नहीं जल रही हैं, खराब हैं। रामलीला मैदान अलीगंज मंच के पास की लाइटें खराब हैं। बिजली की आँख मिचौली से नागरिक परेशान हैं। शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा कि वह नगर की समस्याओं को उठाती रहेंगी। ज्ञापन देने वालों में अफसाना शाह, प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे पूर्व जिलाध्यक्ष, आरिफ अली, अशरफ उल्ला रम्पा, वारिस अली, इस्लाम भाई, बीँलाल पूर्व जिलाउपाध्यक्ष अली बक्स सुखदेव गाँधी आदि लोग शामिल रहे।

## सपा की मासिक बैठक सम्पन्न

बबेरु/बाँदा। बबेरु विधानसभा क्षेत्र समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सपा कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विशम्भर सिंह यादव व जिलाध्यक्ष डॉ मधुसूदन कुशवाहा रहे अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष लाखन निषाद एवं संचालन के के महंत ने किया बैठक में पीडीए प्रचार प्रसार हेतु जोन प्रभारी सेक्टर अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षों को प्रेरणा दी गयी कि पीडीए नायक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सोच व निर्णय को जन जन तक पहुचाने का काम करना होगा साथ ही वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने को लेकर सतर्क रहें। विधायक ने जोन व सेक्टर में पीडीए कार्यक्रम चलकर सबको जोड़ने अपील की साथ ही समाजवादी सरकार में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराना होगा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीडीए के प्रचार प्रसार के साथ वोटरलिस्ट में नाम बढ़वाकर 2027 में सपा सरकार बनाने का काम करे साथ ही 26 जुलाई को होने वाले संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस (आरक्षण दिवस) कार्यक्रम बाँदा के निजामी पैलेस में मनाया जाएगा ।

# शिविर में 197 मरीजों का नेत्र परीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। बड़ोखर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत अछरौंड़ में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जानकीकुंड के डा. बालकृष्ण तिवारी की आठ सदस्यीय टीम द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें से 100 लोगों को निःशुल्क चश्मा दिया गया एवं 40 लोगो को ड्रॉप दिए गए,30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा फाउंडेशन के संरक्षक रिट डी आई जी ए के त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया एवं इस कार्यक्रम का आयोजन राम नारायण शुक्ला ने कराया। इस दौरान गंगाप्रसाद पांडे, भारत प्रजापति, ब्रजराज सिंह, अमन सिंह, भूरा आदि लोग उपस्थित रहे।

# आईसीसी एजीएमः दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली टी20 विश्व कप के विस्तार पर होगी चर्चा

एजेंसी




सिंगापुर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही चार दिवसीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान बहुचर्चित दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली, टी20 विश्व कप का विस्तार और नए सदस्यों को स्वीकृति देने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) शुरू हो चुका है और ऐसे में दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर चर्चा धन आवंटन और प्रमोशन (निचली से शीर्ष लीग में जाना) तथा रेलीगेशन (शीर्ष लीग से निचली में खिसकना) से संबंधित प्रावधानों के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। हालांकि यह सामान्य रूप से स्वीकार किया गया है कि मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और नई प्रणाली संभावित रूप से 2027 के बाद लागू होगी। आईसीसी चेयरमैन जय शाह और नवनियुक्त सीईओ संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में होनी वाली एजीएम में इस पद्धति पर गंभीरता से विचार होगा क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) इसके प्रमुख समर्थक हैं। हालांकि 50 ओवर के विश्व कप में और टीम जोड़ने का कोई इरादा नहीं है लेकिन आईसीसी टी20 विश्व कप में और टीम शामिल करने पर विचार कर सकता है जिससे संभावित रूप से इसमें 24 प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। हालांकि अगले साल से पहले कोई ठोस निर्णय लिए जाने की उम्मीद नहीं है। पिछले साल के विश्व कप से चार और टीम के जुड़ने के बाद वर्तमान में 20 टीम इस प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और यह मॉडल कम से कम 2026 के टूर्नामेंट तक जारी रहेगा। लेकिन 2028 के लॉस एंजिलिस खेलों के जरिए ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और अगले साल भारत तथा श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इटली के क्वालीफाई करने से इस विस्तार के विचारों को बल मिला है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''इटली के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने को नए देशों में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है और वैश्विक संचालन संस्था व्यापक दर्शकों से जुड़ने के लिए उत्सुक है। दिसंबर 2024 में आईसीसी के शीर्ष पद पर काबिज होने के बाद से शाह कई हाई-प्रोफाइल मुलाकातों का हिस्सा रहे हैं जिसमें मार्च में यूनान के कोस्टा नवारिनो में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 144वें सत्र के दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और जनवरी में पूर्व आईओसी प्रमुख थॉमस बाक के साथ मुलाकात शामिल है।

# जापान ओपन 2025ः सात्विक-चिराग और लक्ष्य सेन दूसरे दौर में, पीवी सिंधु बाहर

एजेंसी



टोक्यो। जापान ओपन 2025 में भारत के लिए मिश्रित नतीजे देखने को मिले। बुधवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी.सिंधु एक बार फिर पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं, जबकि लक्ष्य सेन और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली। 30 वर्षीय सिंधु को कोरिया की सिम यू जिन से 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह साल 2025 में सिंधु की पांचवीं पहले दौर में हार है। सिंधु शुरुआत से ही लय में नजर नहीं आईं, गलतियों की वजह से अंक गंवाती रहीं और लम्बाई का सही आकलन करने में भी संघर्ष करती दिखीं। पहले गेम में उन्होंने कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन सिम ने वापसी करते हुए गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधु 1-6 से पीछे हो गईं। उन्होंने स्कोर 11-11 तक जरूर बराबर किया, लेकिन इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी ने तेजी से अंक बटोरते हुए सीधे गेमों में मुकाबला जीत लिया। पुरुष युगल में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के कंग मिन ह्युक और किम डोंग जू को 21-18, 21-10 से मात दी। मुकाबला सिर्फ 42 मिनट चला। पहले गेम की शुरुआत में मुकाबला बराबरी का रहा, लेकिन एक बार भारतीय जोड़ी ने लय पकड़ी तो उन्होंने दूसरा गेम पूरी तरह से अपने कब्जे में ले लिया। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन, जो इस सीजन में कई पहले दौर की हारों से जूझ चुके हैं, ने चीन के वांग झेंग शिंग को 21-11, 21-18 से हराकर जोरदार वापसी की। वर्ल्ड नंबर 18 लक्ष्य ने पहले गेम में 11-2 की बढ़त लेते हुए आसानी से जीत हासिल की। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने थोड़ी टक्कर दी, लेकिन लक्ष्य की शुरुआती बढ़त निर्णायक साबित हुई। अब प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में लक्ष्य सेन का मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त और मेज़बान जापान के कोडाई नारोका से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अक्षय दीप ने 1000 मीटर में गोल्ड जीतकर बढ़ाया उत्तर प्रदेश का मान



**वाराणसी।** कोलकाता में आयोजित 9वीं रैंकिंग ओपन नेशनल स्पीड स्केटिंग चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और संस्थान का नाम रोशन किया। बरेका के कुल 7 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और कुल 1 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया। यह जानकारी बरेका के जनसम्पर्क अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सबसे गौरवपूर्ण प्रदर्शन अक्षय दीप उपाध्याय ने किया, जिन्होंने 1000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक और 500 मीटर में रजत पदक जीतकर बरेका का परचम लहराया। वहीं, इशिका उपाध्याय ने 1000 मीटर रेस में रजत पदक जीता और अर्चना उपाध्याय ने वन लैप रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच फरजम हुसैन ने भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 2 रजत व 1 कांस्य पदक अर्जित किए, जिससे उन्होंने न केवल कोचिंग में बल्कि व्यक्तिगत खेल प्रदर्शन में भी उत्कृष्टता का परिचय दिया। प्रतियोगिता के स्केटिंग चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम में प्रतिनिधित्व करने वाले बरेका से शामिल अन्य खिलाड़ियों में ध्रुवी त्रिपाठी, निहारा त्रिपाठी, विकास यादव, और शिवन्या यादव भी सम्मिलित थे, जिन्होंने टीम की सफलता में योगदान दिया। बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनकी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा, ''यह सफलता खिलाड़ियों की लगन, निरंतर अभ्यास और उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिणाम है। स्केटिंग ग्राउंड मैनेजर सीमा, कोच फरजम हुसैन तथा सभी अभिभावकों को भी इस उपलब्धि के लिए विशेष बधाई दी गई।

### आईएसएल स्थगित किए जाने पर छेत्री ने कहा, अनिश्चितता चिंताजनक, भारतीय फुटबॉल दहशत में है

**नयी दिल्ली।** पूर्व कप्तान और शीर्ष स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल में अनिश्चितता की मौजूदा स्थिति काफी चिंताजनक है और शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने से खेल जगत चिंतित, आहत और डरा हुआ है। लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलने वाले छेत्री ने कहा कि उन्हें देश में इस खेल के भविष्य को लेकर आशंकाएं व्यक्त करने वाले फोन कॉल और संदेशों की बाढ़ आ गई है। इस 40 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर लिखा, ''मुझे सबसे पहले यह चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी महत्वपूर्ण नहीं है। छेत्री ने कहा, ''भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, मालिश करने वालों से ढेर सारे संदेश मिले हैं। उन्होंने कहा, ''भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र में अभी जो अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है उससे हर कोई चिंतित, आहत और डरा हुआ है। आईएसएल ने आयोजकों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 2025-26 के सत्र को स्थगित कर दिया है। लीग सामान्यतः सितम्बर से अप्रैल तक चलती है। इस प्रतियोगिता के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) तथा एआईएफएफ के बीच वर्तमान एमआरए आठ दिसम्बर, 2025 को समाप्त होने वाला है। उस समय तक आईएसएल अपने तीसरे महीने में प्रवेश कर चुका होगा। यह निर्णय उच्चतम न्यायालय द्वारा एआईएफएफ को दिए गए निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें एआईएफएफ से कहा गया था कि वह आईएसएल का संचालन करने वाली सर्वोच्च शासी संस्था के वाणिज्यिक साझेदार एफएसडीएल के साथ एमआरए की नई शर्तों पर तब तक बातचीत न करे, जब तक एआईएफएफ मसौदा संविधान मामले में अंतिम निर्णय नहीं आ जाता। एफएसडीएल एआईएफएफ का वाणिज्यिक साझेदार भी है और उन्होंने 2010 में 15 साल के एमआरए पर हस्ताक्षर किए थे। छेत्री ने कहा कि जब उन्हें पहली बार लीग स्थगित होने की जानकारी मिली तो वह छुट्टियों पर थे। इस स्टार फुटबॉलर ने कहा, ''मैं स्वीकार करता हूं कि इससे मेरे चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मैं छुट्टियों पर था, उतना घूम नहीं पाया जितना मैं चाहता था और उतना पौष्टिक भोजन भी नहीं कर पाया जितना मैं करता हूं। अब मेरे पास पूरी तरह फिट होने के लिए पहले से अधिक समय था।

### एचडीएफसी बैंक का निदेशक मंडल 19 जुलाई की बैठक में बोनस, विशेष लाभांश पर करेगा विचार

**नयी दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक का निदेशक मंडल 19 जुलाई को होने वाली बैठक में बोनस शेयर और विशेष अंतरिम लाभांश जारी करने पर फैसला करेगा। बैंक ने बुधवार को यह घोषणा की जिसके बाद उसके शेयर में तेजी आई है। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका निदेशक मंडल वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के शेयर पर विशेष अंतरिम लाभांश की घोषणा और बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन बोनस शेयर जारी करने के प्रस्तावों पर विचार करेगा। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने इस सप्ताह की शुरुआत में जारी वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा था कि उन्हें चालू वित्त वर्ष में उद्योग के बराबर अग्रिम या ऋण राशि बढ़ने और अगले साल उससे आगे निकलने का भरोसा है।

## पंत और नायर के आउट होने से इंग्लैंड के लिए जीत का रास्ता खुलाः शास्त्री

लंदन। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पहली पारी में ऋषभ पंत के आउट होने और दूसरी पारी में करुण नायर के विकेट से लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए जीत का रास्ता खुला। इंग्लैंड ने 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे भारत को 170 रन पर आउट करके 22 रन से जीत हासिल की और इस तरह से पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''इस टेस्ट मैच में मेरे लिए पहला टर्निंग प्वाइंट ऋषभ पंत का आउट होना (पहली पारी में) था। शास्त्री ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की सूझबूझ की सराहना की, जिन्होंने तीसरे दिन लंच के समय पंत को 74 रन पर रन आउट किया। उन्होंने कहा, ''बेन स्टोक्स ने पंत को रन आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय दिया। अगर यह विकेट नहीं गिरता तो भारत अच्छी स्थिति में पहुंच जाता। करुण और केएल राहुल ने चौथे दिन दूसरी पारी में भारत का स्कोर एक विकेट पर 41 रन तक पहुंचाया था, लेकिन तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स की गेंद पर करुण ने कोई शॉट नहीं खेला और पगबाधा आउट करार दे दिए गए।

# दीपिका ने रचा इतिहास, पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय बनीं

- नीदरलैंड्स के खिलाफ शानदार गोल के लिए दुनियाभर के प्रशंसकों ने दी वोट

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका ने इतिहास रच दिया है। वह प्रतिष्ठित पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। यह अवॉर्ड उन्हें नीदरलैंड्स के खिलाफ खेले गए 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में किए गए शानदार गोल के लिए मिला। इस अवॉर्ड के लिए दुनियाभर के प्रशंसकों ने वोटिंग की थी। 21 वर्षीय दीपिका ने भारत और वर्ल्ड नंबर-1 नीदरलैंड्स के बीच खेले गए मैच में 35वें मिनट में यह गोल किया था। उस समय भारत 0-2 से पीछे चल रहा था। दीपिका ने बाएं छोर से डच डिफेंस को चीरते हुए ड्रिब्लिंग की, बेसलाइन के साथ दौड़ लगाई, एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से बॉल को चिप किया और शानदार अंदाज में गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में डाल दिया। इस गोल ने भारत की वापसी की नींव रखी और मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद भारत ने शूटआउट में जीत हासिल की। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड एफआईएच हॉकी प्रो लीग में किए गए सबसे रचनात्मक और स्किलफुल पलों को सम्मानित करता है और इसका फैसला दुनियाभर के हॉकी प्रशंसकों की वोटिंग से होता है। दीपिका के अलावा स्पेन की पेट्रीसिया अल्वारेज़ और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की ओर से एक और स्किल इस अवॉर्ड के लिए नामित की गई थी। पुरुष वर्ग में यह सम्मान बेल्जियम के विक्टर वेग्नेज को मिला। अवॉर्ड जीतने के बाद दीपिका ने कहा, ''यह मेरे लिए बहुत गर्व का पल है। नीदरलैंड्स जैसी मजबूत टीम के खिलाफ गोल करना अपने आप में खास था और अब इस गोल को इतना बड़ा सम्मान मिलना मेरे लिए अविस्मरणीय है। मैं अपने कोच, टीममेट्स, परिवार और उन सभी को धन्यवाद देती हूं जो मुझे रोज़ प्रेरणा देते हैं। यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि पूरे भारतीय हॉकी का है। आइए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें।

## लास वेगास फ्रीस्टाइल शतरंजः प्रज्ञानानंदा करेंगे भारतीय दल की अगुआई, गुकेश हटे

लास वेगास (अमेरिका)। भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानांनदा को यहां आयोजित होने वाले 16 खिलाड़ियों के फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है जबकि अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ में हैं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। टूर्नामेंट बुधवार देर रात शुरू होगा। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 750,000 अमेरिकी डॉलर है जिसमें से 200,000 की राशि विजेता के लिए है। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। विश्व चैंपियन डी गुकेश इस प्रतियोगिता में शिरकत नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है।

# एचडीएफसी बैंक विलय के बाद तीव्र वृद्धि की स्थिति मेंः सीईओ शशिधर जगदीशन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुंबई। एचडीएफसी बैंक के एमडी और सीईओ शशिधर जगदीशन ने विलय के बाद अपने पहले पूर्ण-वर्ष के संदेश में शेयरधारकों को बताया कि बैंक वित्त वर्ष 26 में समेकन से आक्रामक विकास की ओर कदम बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। क्रिकेट की उपमा का उपयोग करते हुए उन्होंने कहा कि बैंक ने पिछले वर्ष जमीनी कार्य और बैलेंस शीट के अंशांकन के माध्यम से ''स्थिर सिंगल्स'' खेलने में बिताया था और अब वह ''बाउंड्रीज़'' मारने के लिए तैयार है, क्योंकि वह आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर विकास के अवसरों को लक्षित कर रहा है। उन्होंने वित्त वर्ष 25 को विलय के बाद बनी इकाई के लिए एक मील का पत्थर बताया-जो समेकन, लचीलेपन और रणनीतिक बदलाव से परिभाषित होगा। एकीकरण पूरा होने के साथ, बैंक अब एक मज़बूत बैलेंस शीट और अनुकूल व्यापक आर्थिक माहौल के सहारे तेज़ी से विकास के लिए तैयार है। वैश्विक व्यवधानों और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में मंदी के बावजूद, भारत संरचनात्मक सुधारों और सहायक सरकारी नीतियों के बल पर लचीला बना रहा। इस अवधि के दौरान बैंक का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहाः इसने प्रणाली-व्यापी जमा का 11% तथा कुल शाखा नेटवर्क का केवल 5% प्राप्त किया। जमा राशि में 14.1% की वृद्धि हुई, जो ऋण वृद्धि से 2.5 गुना अधिक थी तथा वृद्धिशील जमा वृद्धि में 14.6% की हिस्सेदारी थी। ऋण-जमा अनुपात में सुधार हुआ और यह 96% हो गया, जबकि उच्च लागत वाली उधारी घटकर 14% रह गई - जो बैंक के अनुशासित पुनर्संतुलन और विकास पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतिबिंब है। तकनीकी मोर्चे पर, जगदीशन ने जनरेटिव एआई की क्षमता पर ज़ोर दिया और इसे इंटरनेट या मोबाइल जितना ही परिवर्तनकारी बताया। जगदीशन ने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि हम अब तक के सबसे परिवर्तनकारी दौर में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ जनरल एआई नवाचार, लचीलापन और मूल्य सृजन को बढ़ावा देगा। इस उद्देश्य से, एचडीएफसी बैंक जनरल एआई के लिए एक संरचित, प्लेटफॉर्म-आधारित दृष्टिकोण लागू कर रहा है, जिसमें वर्तमान में 15 कार्यक्रम चल रहे हैं और आंतरिक क्षमताओं का निर्माण करने के लिए एक केंद्रीकृत अकादमी है।

## सरकार ने एनएलसी इंडिया को एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की मंजूरी दी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को एनएलसी इंडिया को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये के निवेश की अनुमति दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आधिकारिक बयान के अनुसार, आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) पर लागू मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) को विशेष छूट देने को मंजूरी दे दी है। बयान के अनुसार, इस रणनीतिक निर्णय से एनएलसीआईएल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकेगी। इससे एनआईआरएल को सीधे या संयुक्त उद्यमों के गठन के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने में मदद मिलेगी।

# स्टेट बैंक बॉन्ड के जरिए 20 हजार करोड़ रुपये जुटाएगा, बोर्ड ने दी मंजूरी

एजेंसी




मुंबई। देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) चालू वित?त वर्ष 2025-26 में घरेलू निवेशकों को बॉन्ड जारी कर 20 हजार करोड़ रुपये तक जुटाएगा। एसबीआई बोर्ड ने बॉन्ड जारी करने की योजना को मंजूरी दे दी है। स्टेट बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने बेसल III-कंप्लायंट अतिरिक्त टियर-1 और टियर-2 बॉन्ड जारी करके 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। एसबीआई ने एक्सचेंजों बताया कि बैंक चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान घरेलू निवेशकों को बॉन्ड जारी करेगा। इसके लिए जहां भी आवश्यक हो भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी। उल्लेखनीय है कि धन उगाहने की घोषणा के बाद ऋणदाता के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लगभग 2 फीसदी बढ़कर 832 रुपये के करीब दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। एसबीआई के शेयर पिछले 12 महीनों में लगभग 6 फीसदी की गिरावट के साथ पिछड़ रहे हैं। हालांकि वे 2025 में अब तक 5 फीसदी का सकारात्मक रिटर्न देने में कामयाब रहे हैं।

# थियोब्रोमा में हिस्सेदारी खरीदने के लिए तीन निजी इक्विटी कंपनियों ने सीसीआई से मांगी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुंबई स्थित बेकरी श्रृंखला थियोब्रोमा में हिस्सेदारी खरीदने के लिए तीन निजी इक्विटी कंपनियों ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। इनमें से दो निजी इक्विटी कंपनी इन्फिनिटी पार्टनर्स और एटराइड्स इन्वेस्टमेंट्स बीवी, क्रिसकैपिटल की सहयोगी हैं। अन्य कंपनी एक्वा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड है जो थियोब्रोमा फूड्स में हिस्सेदारी खरीदेगी।

घरेलू निजी इक्विटी कंपनी क्रिसकैपिटल के थियोब्रोमा फूड्स में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की खबरों के बीच यह जानकारी सामने आई है। क्रिसकैपिटल के अनुमानित 2,410 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की अटकले हैं। क्रिसकैपिटल ने कथित तौर पर थियोब्रोमा में उसके प्रवर्तकों और मौजूदा निवेशक आईसीआईसीआई वेंचर से बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, संस्थापक कंपनी में लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेंगे। सीसीआई में दाखिल नोटिस के अनुसार, '' प्रस्तावित लेनदेन अधिग्रहणकर्ताओं (एक्वा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड, इन्फिनिटी पार्टनर्स और एट्रीड्स इन्वेस्टमेंट्स बीवी) द्वारा सामूहिक रूप से थियोब्रोमा की कुछ इक्विटी शेयरधारिता के अधिग्रहण से संबंधित है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट का रुख बना हुआ है। सोना आज के कारोबार में 450 रुपये से लेकर 490 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चांदी के भाव में आज 5,000 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,280 रुपये से लेकर 99,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,000 रुपये से लेकर 91,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गंगा में उफान: वाराणसी में बाढ़ का खतरा मंडराया, वरूणा कॉरिडोर पूरी तरह जलमग्न

■ चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचा गंगा का जलस्तर, 84 घाटों का संपर्क मार्ग डूबा, दशाश्वमेधघाट स्थित शीतला माता का मंदिर डूबा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में खतरनाक बढ़ोतरी कर दी है। वाराणसी में गंगा की लहरें अब उफान मारती हुई आबादी वाले क्षेत्रों की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। पलट प्रवाह के चलते वरूणा नदी के किनारे विकसित वरूणा कॉरिडोर पूरी तरह जलमग्न हो गया है। वरूणा कॉरिडोर के किनारे के नाले और बाढ़ का पानी अब ढेलवरिया, हुकुलगंज, बघवानाला, पिपरहवा घाट, सलारपुर और सरैया जैसे इलाकों में प्रवेश कर चुका है। सलारपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए बाढ़ राहत शिविर में प्रभावित परिवारों का पहुंचना शुरू हो गया है। केंद्रीय जल आयोग की ओर से बुधवार सुबह जारी बुलेटिन के अनुसार, वाराणसी में गंगा का जलस्तर सुबह 8 बजे तक 68.94 मीटर दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह यह जलस्तर 68.42 मीटर था, यानी 24 घंटे में 52 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। शाम सात बजे तक यह जलस्तर 68.70 मीटर पहुंच गया था, जो कि चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर से अब कुछ ही दूरी पर है। जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए जल पुलिस ने गंगा में मोटरबोट के माध्यम से गंगा आरती दर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। मांझी समुदाय को निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा कारणों से नाव, बजड़ा और स्टीमर पर यात्रियों को बैठाकर गंगा आरती न दिखाएं। वाराणसी के ऐतिहासिक 84 घाटों के संपर्क मार्ग जलमग्न हो चुके हैं। यहां तक कि अस्सी घाट पर भी बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। दशाश्वमेध घाट पर स्थित शीतला माता मंदिर भी बाढ़ की चपेट में आ गया है और अब सिर्फ मंदिर का ऊपरी हिस्सा ही दिखाई दे रहा है। बीती रात आरती के बाद मंदिर का मुखौटा अहिल्याबाई स्टेट स्थित अहिलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित कर पूजा की व्यवस्था वहीं स्थानांतरित कर दी गई है। गंगा की सहायक नदियों में आज़मगढ़ की छोटी सरयू और जौनपुर की गोमती नदी में फिलहाल जलस्तर स्थिर है। मिर्ज़ापुर में भी गंगा का जलस्तर स्थिर बना हुआ है, जबकि प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर अब घटाव की ओर है। बावजूद इसके, प्रयागराज में गंगा-यमुना संगम पर पानी लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर तक पहुंच चुका है और महाकुंभ मेला क्षेत्र की रिवर फ्रंट रोड भी जलमग्न हो गई है। लगातार हो रही मानसूनी बारिश के चलते वाराणसी, गाजीपुर और बलिया जैसे जिलों में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन द्वारा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य तेज कर दिए गए हैं और लोगों से अपील की जा रही है कि वे बाढ़ संभावित क्षेत्रों से सतर्क रहें।

## पशु आश्रय में गोवंश की मौत पर बजरंग दल ने दिया धरना, एसडीएम ने दिए जांच के आदेश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सीतापुर। जिले के एलिया ब्लॉक अंतर्गत गांव तिहार में बनी गौशाला में मृत गोवंशों की मौत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसकी जानकारी पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने गौशाला की देखरेख एवं व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए।मामले में एसडीएम महोली ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। जानकारी के मुताबिक जिले में एलिया ब्लॉक के गांव तिहार में बनी गौशाला में दो मृत पशुओं का एक वीडियो सोशल मीडिया में मंगलवार को वायरल हुआ। वायरल वीडियो में कई गोवंश मरणासन्न स्थिति में दिख रहे हैं। गौशाला में गोवंशों की ऐसी हालत के वायरल वीडियो को देख विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं कल ही देर शाम पशु आश्रय स्थल के मुख्य द्वार के बाहर धरने पर बैठ गए। यह धरना बुधवार सुबह भी जारी रहा। गोवंशों की इस दुर्दशा को लेकर बजरंग दल के जिला संयोजक अनुज भदौरिया ने मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। उन्होंने एसडीएम महोली देवेंद्र मिश्रा से इसकी शिकायत की। बजरंग दल कार्यकर्ताओं के अनुसार एसडीएम महोली ने गोवंशों की दुर्दशा और गौशाला में लापरवाही को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं, जिसके बाद कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं। इस संबंध में महोली उप जिलाधिकारी देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि गौशाला में दो गोवंश की मौत की जानकारी हुई है, उन्हें दफना दिया गया है। गौशाला में देख रेख के लिए पशुमित्र लगा हुआ है। बीमार पशुओं की चिकित्सा के लिए डॉक्टरों की टीम भेज दी गई है। वहीं बजरंग दल की ओर से लगाए गएगौशाला देखरेख में लापरवाही की जांच कराई जा रही है।

## मीरजापुर में 24 घंटे में 40 सेमी. बढ़ी गंगा, तटीय इलाकों में बढ़ी हलचल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मीरजापुर। सावन के माह में गंगा मैया अपने रौद्र में हैं। जिले में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार सुबह आठ बजे जलस्तर 74.480 मीटर दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में गंगा 40 सेंटीमीटर चढ़ चुकी हैं। गंगा नदी में बढ़ोतरी की रफ्तार 1.666 सेमी. प्रति घंटा बनी हुई है। फिलहाल गंगा चेतावनी स्तर (76.724 मीटर) से करीब 2.24 मीटर और खतरे के निशान (77.724 मीटर) से 3.24 मीटर नीचे हैं, लेकिन बढ़ती रफ्तार ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। नगर निगम की टीम लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के मुताबिक जिले में गंगा का सबसे ऊंचा जलस्तर 9 सितंबर 1978 को 80.34 मीटर रिकॉर्ड किया गया था।



पिछले साल 17 सितंबर 2024 को जलस्तर 76.530 मीटर तक पहुंचा था, जो चेतावनी के करीब था। तटीय इलाकों में सतर्कता बढ़ी जिले में गंगा का जलस्तर बढ़ने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया है। तटीय गांवों में मुनादी कराई जा रही है। नगर निगम ने बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है। वहीं सिंचाई के साथ प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। गंगा के किनारे बसे लोगों से सतर्क रहने और किसी भी स्थिति में प्रशासन से संपर्क में रहने की अपील की गई है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि सावन में लोगों की आस्था गंगा के प्रति से जुड़ी होती है। लेकिन बारिश के चलते नदियों में जलस्तर को लेकर सतर्कता जरूरी है। जिले में भी लगातार गंगा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। ऐसे में प्रशासन अलर्ट है। डीएम का कहना है कि अभी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हालात बदलते देर नहीं लगती। नीचले इलाकों में रहने वाले लोग फिलहाल घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क जरूर रहें। बाढ़ चौकियां निगरानी बनाए हुए हैं।

## सीतापुर : चोरों ने दुकान में सेंध लगाकर 25 लाख के 200 मोबाइल पार किए

**सीतापुर।** नगर कोतवाली इलाके में मंगलवार की रात्रि शातिर चोरों ने एक मोबाइल की दुकान में सेंध लगाकर 200 मोबाइल चोरी कर ले गए। चोरी मोबाइलों की कीमत 25 लाख बताई जा रही है। मामले में पुलिस जांच करते हुए चोरों की तलाश में जुट गई है। क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कैंची पुल के निकट शास्त्री नगर मोड़ पर विनोद राठौर की विनोद ट्रेडर्स के नाम से एक मोबाइल की दुकान है। बुधवार को विनोद राठौर ने सूचना दी कि उसकी मोबाइल दुकान में सेंध लगाकर चोर 200 मोबाइल चोरी कर ले गए हैं। इस सूचना पर थाना नगर कोतवाल अनूप शुक्ला, चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। दुकानदार ने पूछताछ में चोरी गए मोबाइलों की कीमत 20 से 25 लाख रुपये बताई। बड़ी चोरी की जानकारी पर एडिशनल एसपी आलोक सिंह भी मौके पर आ गए। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए। मामले में पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं सीओ ने बताया कि चोर दुकान की दीवार में सेंधमारी कर अंदर दाखिल हुए हैं। चोरी के बाद चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए हैं। फिलहाल जांच में सामने आया है कि देर रात बारिश के बीच चोरों ने वारदात अंजाम दी गई है। मामले में पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिंगरप्रिंट और मौके से जुटाए अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।


संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)
**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


## बीएचयू के वरिष्ठ उपाचार्य डॉ बाला लखेन्द्र को मिला 'आईपीआर बेस्ट रिसर्चर' सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पत्रकारिता एवं जन-संप्रेषण विभाग के वरिष्ठ उपाचार्य डॉ बाला लखेन्द्र को बौद्धिक सम्पदा अधिकार शोध एवं जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बेस्ट रिसर्चर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें मुम्बई स्थित ताज पैलेस में आयोजित आईपीआर इंटरनेशनल कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'कम्युनिकेशन टुडे' के प्रधान सम्पादक प्रो. संजीव भागवत और वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यू) के इंडिया हेड डॉ रमेश चंद्र पंडा भी मौजूद रहे। सम्मेलन में डॉ लखेन्द्र ने ळ्ळआईपीआर के वैश्विक फलक पर भारतङ्क विषय पर बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया, जिसे विशेषज्ञों ने सराहा। बुधवार को इस उपलब्धि पर बीएचयू कला संकाय प्रमुख प्रो. सुषमा घिल्डियाल, पत्रकारिता विभाग के साथी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने डॉ बाला लखेन्द्र को बधाई



दी है। गौरतलब है कि, डॉ बाला लखेन्द्र बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रचार-प्रसार और जागरूकता कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं तथा अकादमिक जगत में इसके महत्व को स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## चोलापुर में कच्चा मकान गिरा, मलबे में दबकर दो सगे युवा भाइयों की मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर ग्रामसभा अंतर्गत भैठौली गांव में बुधवार सुबह बारिश के चलते एक कच्चा मकान भरभरा कर गिर पड़ा। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों की मलबे में दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अरविंद कुमार (18) और अंकित कुमार (16), ग्राम भैठौली निवासी संतोष कुमार के पुत्र थे। दोनों भाई सुबह-सुबह खेत में धान की रोपाई के लिए बाइक से धान की नर्सरी (बेहन) लेकर जा रहे थे। जैसे ही वे दिलीप कुमार के पुराने कच्चे मकान के पास पहुंचे, अचानक बारिश के कारण कमजोर दीवार गिर पड़ी और दोनों भाई मलबे



में दब गए। घटना के बाद मलबे में दबे भाइयों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर दोनों भाइयों को बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में मातम का माहौल है, और पूरे गांव में गमगीन सन्नाटा पसरा हुआ है।

## अनुसूचित जातियों की आर्थिक स्थित मजबूत करने को पहली बार बकरी पालन योजना




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। योगी सरकार अनुसूचित जातियों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए पहली बार पशुधन विभाग के माध्यम से बकरी पालन योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति के गरीब, महिला,विधवा और दिव्यांग को वरीयता दी जाएगी। इस कारोबार को शुरू करने के लिए सरकार 90 प्रतिशत का अनुदान देगी और दस प्रतिशत लाभार्थी को खर्च करना होगा। यह जानकारी प्रयागराज मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शिव नाथ यादव ने दी। उन्होंने बताया कि पशुधन एवं पशुपालन विभाग के माध्यम से योगी सरकार ने पहली बार अनुसूचित जातियों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए शुरू की है। ऐसी योजना पहली बार शुरू की गई है। बकरी पालन की इस योजना की लागत कुल 60 हजार निर्धारित की गई है। जिसमें लाभार्थी को 10 प्रतिशत स्वयं खर्च करना होगा। डॉ. शिवनाथ यादव ने बताया कि लाभार्थी को कुल पांच बकरी और एक बकरा खरीदना होगा। एक बकरी की कीमत 9 हजार और बकरे की कीमत 10 हजार निर्धारित की गई है। इस योजना के तहत 10 प्रतिशत लाभार्थी को स्वयं खर्च करना पड़ेगा। डॉ. शिवनाथ यादव ने बताया कि पशुपालन विभाग इस योजना को शुरू करने के लिए प्रत्येक विकासखंड में ग्राम समिति बनाई है, जिसका मुख्य अधिकारी डिप्टी सीबीओ को बनाया गया है। लाभ लेने के लिए सबसे पहले ग्राम प्रधान के पास आवेदन करना होगा। ग्राम प्रधान उसे आगे बढ़ाते हुए डिप्टी सीबीओ के पास भेजेगा। बकरी पालन योजना का लाभ लेने के लिए बकरी पालन का अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड तथा तीन वर्ष के लिए बकरी पालन का कारोबार करने के लिए शपथ पत्र देना होगा। यदि आवेदक दिव्यांग है तो वह प्रमाण पत्र अवश्य लगाएं। जिससे उसे लाभ देने में प्राथमिकता दी जाएगी।

## शेरगढ़ घाट का यमुना पुल बंद , 100 गांव होंगे प्रभावित

■ शेरगढ़ घाट का यमुना पुल बंद , 100 गांव होंगे प्रभावित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। बिलराया-पनवाड़ी मार्ग पर दो जिलों को जोड़ने वाले यमुना नदी पुल की मरम्मत का काम मंगलवार की शाम से शुरू हो गया था । 12 जुलाई को देवकली मंदिर के पास स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक कर जालौन-औरैया जिले के डीएम-एसपी ने यह निर्णय लिया था। यमुना नदी पुल के सात व आठ नंबर के ज्वाइंटरों में आई खामी को दूर करने के लिए कार्यदाई संस्था एमएस बिल्डिर्स के इंजीनियर पिछले एक माह से यमुना नदी के पास डेरा जमाए हुए हैं। इसको लेकर डीएम औरैया डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, एसपी अभिजित आर शंकर व जालौन जिले के डीएम राजेश कुमार पांडेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने देवकली मंदिर के पास स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक की थी। जिसमें दोनों जिलों के अधिकारियों ने पुल की मरम्मत का काम 15 जुलाई से शुरू कराए जाने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद 15 जुलाई से पुल की मरम्मत का काम प्रारंभ करने के चलते पुलिस ने दोनों ओर बेरीकेटिंग लगाकर आने जाने वाले वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया। बुधवार की सुबह आम जनता के लिए यमुना को पूरी तरह से बंद कर दिया है । इससे पहले बड़े एवं भारी वाहनों को भी हाइट गेज लगाकर रोका जा चुका है। अब छोटे एवं दोपहिया वाहन भी इस पुल से नहीं गुजरेंगे। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी एक्सईएन अमर सिंह ने बताया कि एक माह में पुल की मरम्मत का काम पूरा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पुल की मरम्मत को लेकर यमुना नदी पुल से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद कर दिया है । बताया कि यह काम 14 अगस्त तक पूरा कराया जाना है। वहीं यमुना नदी पुल की मरम्मत को लेकर सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों के पुल से आवागमन बंद हो जाने से अब जालौन-झांसी की तरफ जाने वाले लोगों को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के रास्ते आवागमन करना होगा। ऐसे में लोगों को एक माह तक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बुधवार की सुबह को वहां पहुंचकर जानकारी हासिल की गई तो जालौन की ओर से आने वाले लोगों ने बताया कि औरैया का सारा व्यापार जालौन की वजह से चलता था और यहां पर जो सब्जी आती थी वह भी जालौन की ओर से आती थी। अब यह व्यापार पूरी तरह से चौपट हो जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि उनके गांव से औरैया 12 किलोमीटर पड़ता था अब औरैया जाने के लिए उन्हें 70 किलोमीटर का सफर तय करना होगा जो उनके लिए मुसीबत है। वही यमुना पार के लोगों का कहना है कि अधिकतर लोगों के खाते औरैया में खुले हुए हैं जिससे हर दूसरे तीसरे दिन उन्हें औरैया जाना पड़ता था। मगर पुल बंद होने से उनके लिए गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।